कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 352, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 20 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

गणतंत्र दिवस परेड का आकर्षण बनेगा अनंत सूत्र

नई दिल्ली

कर्तव्य पथ पर होने वाले इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड का एक आकर्षण होगा 'अनंत सूत्र' जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न प्रदेशों और केंद्र शासित प्रदेशों की साड़ियों का शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार की साड़ियों को दर्शक दीर्घा के पीछे प्रदर्शित किया जाएगा। यह भारत की नारी शक्ति और भारत के लाखों बुनकरों के प्रति पूरे देश की आदरांजलि है।

शुक्रवार को संस्कृति मंत्रालय ने एक्स पर वीडियो और जानकारी साझा करते हुए बताया कि अनंत सूत्र' के रूप में प्रस्तुत भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की साड़ियों और कपड़ों का प्रदर्शन 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का अनूठा अनुपम उदाहरण है। अनंत सूत्र' के माध्यम से भारत की एकता, सद्भाव, समरसता और समावेशिकता का प्रदर्शन इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। अनंत सूत्र' भारत के सांस्कृतिक वैभव और विरासत कि प्रतीक है, जिसमें अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उन लाखों बुनकरों की कला कि प्रदर्शन है, जिन्होंने पीढ़ियों से इस विरासत को संजो कर रखा है ।

कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया

नई दिल्ली

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने सभी आरोपितों को 25 जनवरी को कोर्ट ने पेश होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आरोपितों जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी और जीशान हैदर के अलावा पार्टनरशिप फर्म स्काई पावर के खिलाफ समन जारी किया है। ईडी ने 9 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की ही। करीब पांच हजार पेजों के चार्जशीट में ईडी ने जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी और जीशान हैदर को आरोपित बनाया है। ईडी ने पार्टनरशिप फर्म स्काई पावर को भी आरोपित बनाया है।

अयोध्या: भक्तों का मन मोह लेंगे प्रभु

तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं, तस्वीर में उनके चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान देखी जा सकती है..

अयोध्या

गर्भगृह से रामलला की नई तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में उनके पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। तस्वीर में उनके चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान देखी जा सकती है।

काले पत्थर से बनी प्रतिमा में श्रीराम की बेहद मनमोहक छवि नजर आ रही है। आभामंडल ऐसा, जिसे निहारते ही जाने का मन करे। हालांकि, फिलहाल आंखें कपड़े से ढकी हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की विधि पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की आंखों से कपड़े को हटाएंगे। फिर सोने की सलाई से सुरमा लगाएंगे। इसके बाद रामलला को शीशा दिखाएंगे। रामलला की यह मूर्ति कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई है। इसकी खास बात यह है कि इसे एक ही पतथर से बनाया गया है, यानी कि पत्थर में कोई भी दूसरा पत्थर नहीं जोड़ा गया है। इस मूर्ति का वजन करीब 200 किलोग्राम है। मूर्ति की ऊंचाई 4.24 फीट और चौड़ाई तीन फीट है। इस मूर्ति में भगवान श्रीराम को पांच साल के बाल स्वरूप को दशार्या गया है।

मूर्ति में विष्णु के कौन-से अवतार हैं

मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण बुद्ध, कल्कि, प्रतिमा के एक ओर हनुमान तो दूसरी ओर गरुड़ नजर आ रहे हैं।

प्रतिमा के पार्श्व भाग को 'प्रभा' कहते हैं। सामने से मूर्ति को देखें तो बाईं तरफ ओम की आकृति उकेरी नजर आती है।

इससे पहले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के चौथे दिन शुक्रवार को सुबह नौ बजे अरणी मंथन से अग्नि प्रकट की गई।

ये समय हम सभी के लिए भक्ति-भाव से भरा हुआ: मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि ये समय हम सभी के लिए भक्ति-भाव से भरा हुआ है। 22 जनवरी को वो ऐतिहासिक क्षण आने वाला है, जब हमारे भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजने जा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में सरकार बनते ही मैंने कहा था, 'मेरी सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है।' इसलिए हमने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिससे गरीबों की मुश्किलें कम हों और उनका जीवन आसान बने।

प्राण प्रतिष्ठा: पूरा भारत एक है और श्रेष्ठ है

नई दिल्ली

प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रामभक्ति में पूरी तरह रम गए हैं। 11 दिवसीय संकल्प में यम-नियम, व्रत का पालन करते हुए उन्होंने अन्न का त्याग कर दिया है। फर्श पर बिछौना बिछाकर विश्राम कर रहे हैं और दान-पुण्य दिनचर्या में शामिल है। इस सबके बीच देश के विभिन्न हिस्सों में घूम घूम कर विकास कार्यों को अंजाम देने के साथ साथ अलग अलग भाषाओं में रामायण सुनकर यह संदेश देने की कोशिश में भी हैं कि पूरा भारत एक है और श्रेष्ठ है।

मुख्य यजमान की भूमिका में रहेंगे

पीएम मोदी

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में प्रधानमंत्री मोदी मुख्य यजमान की भूमिका में रहेंगे। इसके लिए उनका 11 दिन का अनुष्ठान चल रहा है। इसके तहत जो भी व्रत-नियम शास्त्रों में उल्लेखित हैं, उनका पालन पीएम मोदी कर रहे हैं। यजमान के रूप में वह व्रत का पालन करते हुए सिर्फ नारियल का पानी पी रहे हैं। फर्श पर कंबल ओढ़कर सो रहे हैं। प्रतिदिन गौ पूजा कर गायों को चारा खिलाते हैं और विभिन्न प्रकार के दान-पुण्य आदि भी कर रहे हैं। रमे हुए मोदी अपने पद के दायित्वों के निभाने के साथ ही कुछ दिन से देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित मंदिरों में दर्शन कर रहे हैं। इनमें नासिक स्थित रामकुंड और श्री कालाराम मंदिर, आंध्र प्रदेश में वीरभद्र मंदिर व लेपाक्षी, केरल में गुरुवयूर मंदिर और त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर शामिल है।

'टेंट में रामलला के दर्शन करने की दशकों पुरानी पीड़ा दूर हो रही'

सोलापुर

पीएम नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के सोलापुर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यक्रम में सीएम एकनाथ शिंदे ने पीएम मोदी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेश बैस और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस और अजित पवार भी मौजूद हैं।

पीएम मोदी हुए भावुक

पीएम मोदी ने कहा कि आज महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में 2000 करोड़ रुपए की अमृत परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। मैं इस विशेष अवसर पर महाराष्ट्र के लोगों को बधाई देता हूं। पीएम मोदी महाराष्ट्र में पीएमएवाई-शहरी योजना के तहत तैयार किए गए घरों के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए, जिन्हें हथकरघा श्रमिकों, विक्रेताओं, पावरलूम श्रमिकों, कचरा बीनने वालों, बीड़ी श्रमिकों, ड्राइवरों जैसे लाभार्थियों को सौंपा जाना था।

प्राण प्रतिष्ठा के नियमों का कर

रहा हूं पालन

सोलापुर, महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कुछ संतों के मार्गदर्शन में मैं अपने नियमों में व्यस्त हूं और उसका मैं कठोरता से पालन भी करता हूं....ये भी संयोग है कि इसकी शुरूआत महाराष्ट्र के नासिक से पंचवटी की भूमि से हुई। राम भक्ति से भरे इस वातावरण में आज महाराष्ट्र के एक लाख से ज्यादा परिवारों का गृह प्रवेश हो रहा है....महाराष्ट्र के ये एक लाख से अधिक परिवार भी 22 जनवरी को अपने पक्के घर में शाम को राम ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे।

एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए भारत जैसे देश में कोई जगह नहीं: खरगे

नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विषय पर सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा है कि संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई स्थान नहीं है तथा उनकी पार्टी एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार का पुरजोर विरोध करती है। समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे सुझाव में खरगे का यह भी कहना था कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है और यदि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है, तो संविधान की मूल संरचना में



पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी। उन्होंने पत्र में कहा, जिस देश में संसदीय शासन प्रणाली अपनाई गई हो, वहां एक साथ चुन

ाव की अवधारणा के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार द्वारा एक साथ चुनाव के ऐसे प्रारूप संविधान में निहित संघवाद की गारंटी के खिलाफ हैं।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की ओर से सुझाव के लिए पिछले साल 18 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम का शुभारंभ किया

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देश के खिलाड़ियों की मेहनत और जुनून में पहले भी कोई कमी नहीं थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में उनमें नया आत्मविश्वास आया है और सरकार ने हर कदम पर उनका साथ दिया है। प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल स्वीकार की और इसे चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रोशनी के लिए रखा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज

हम युवाओं के खेलों में आने का इंतजार नहीं कर रहे हैं। हम खेलों को युवाओं तक ले जा रहे हैं। खेलो इंडिया जैसे अभियान गरीबों, आदिवासियों और निम्न मध्यम वर्ग से आने वाले युवाओं के सपनों को पूरा कर रहे हैं। मोदी ने इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनायें दीं और कहा कि चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 की शुरूआत करने का एक शानदार तरीका है।

इस दौरान उन्होंने खेल के क्षेत्र में भारत के बढ़ते स्तर और देश की खेलों से जुड़ी अर्थव्यवस्था को मिल रहे विस्तार का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार भारत में 2029 यूथ ओलंपिक और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में देश की खेलों से जुड़ी अर्थव्यवस्था एक लाख करोड़ रुपये की हो जाएगी। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन तक ले जाने का वादा किया है।

स्कूल की किताबों में इंडिया की जगह नहीं लिखा जाएगा भारत

तिरुवनंतपुरम

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्कूली किताबों में इंडिया के जगह पर भारत करने की राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद पैनल की हालिया सिफारिश पर पुनर्विचार करने की केरल सरकार की मांग को खारिज कर दिया है। धर्मेंद्र प्रधान ने केरल के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी को इस बारे में एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि संविधान दोनों नामों के उपयोग को मान्यता देता है और उसमें दोनों का जिक्र है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने यह जानकारी दी है।

इंडिया और भारत दोनों नामों का है संविधान में है जिक्र: प्रधान

शिवनकुट्टी को लिखे अपने पत्र में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि देश के संविधान के अनुच्छेद एक में कहा गया है कि इंडिया, जो कि भारत है और राज्यों का एक संघ है। भारत का संविधान 'इंडिया' और 'भारत' दोनों को देश के आधिकारिक नामों के रूप में मान्यता देता है, जिसका उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ठउएफ्ळ हमारे संविधान में निहित इस भावना को विधिवत स्वीकार करती है और दोनों के बीच अंतर नहीं करती है।

इंडिया और भारत में नहीं है कोई फर्क: प्रधान

मालूम हो कि इससे पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था कि कुछ निराश लोग देश की पहचान भारत करने को लेकर विवाद पैदा करने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि कुछ समय से इस बात पर विवाद चल रहा है कि हमारे देश को 'इंडिया' या 'भारत' के नाम से जाना जाना चाहिए। लेकिन फर्क क्या है? मेरा मानना है कि इंडिया और भारत में कोई अंतर नहीं है। भारत हमारे देश का नाम है।

अनुसूचित जाति के हितों की रक्षा के लिए समिति गठित, प्रशासनिक कदमों को परखेगी कमेटी

नई दिल्ली

सरकार ने अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। यह समित मदिगा जैसे अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले प्रशासनिक कदमों को परखने का काम करेगी। इस समिति की पहली बैठक 23 जनवरी को होगी। सूत्रों के अनुसार, यह समिति प्रशासनिक कदमों की जांच करेगी। अनुसूचित जाति के अंतर्गत सबसे वंचित समुदायों द्वारा शिकायत की गई है कि उन्हें लाभों का उचित हिस्सा समान रूप से नहीं मिल रहा है। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि सभी लाभार्थियों को लाभ मिल सके। मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की एक समिति गठित की गई है।

> **"समिति उन प्रशासनिक कदमों को परखेगी, जो मदिगा जैसे अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा सकते हैं"**

समिति प्रशासनिक कदमों को परखेगी

यह अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जांच करेगी। उन्होंने बताया, "समिति उन प्रशासनिक कदमों को परखेगी, जो मदिगा जैसे अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा सकते हैं।"

राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ दायर याचिका खारिज

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता अशोक पांडे पर एक लाख रुपये का हजार्ना लगाने का आदेश दिया। इससे पहले इसी याचिकाकर्ता अशोक पांडे पर लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की बहाली को चुनौती देने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। याचिका में कहा गया था कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(3) और संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 के तहत एक बार अगर संसद का कोई सदस्य सदस्यता खो देता है तो बिना आरोपों से बरी हुए उसकी सदस्यता बहाल नहीं हो सकती है। याचिका में मांग की गई थी कि सुप्रीम कोर्ट निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करे कि वो राहुल गांधी की सीट को खाली घोषित करके वायनाड लोकसभा सीट पर चुनाव कराए।

'22 जनवरी भारत के विश्वास, गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का दिन'

अयोध्या

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के तत्वावधान में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होना है। इसे लेकर संपूर्ण अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश व देश में उत्साह का माहौल है। कई शताब्दियों के बाद आने वाले इस पल के दर्शन कर श्रद्धालुओं को अंतःकरण से आनंद की अनुभूति होगी। यह भारत के विश्वास व लोकआस्था, गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। सीएम ने विश्वास जताया कि अभी तक जैसे सभी कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुए हैं, वैसे ही 22 जनवरी का कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। जनता व आमजनमानस के सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा

से इसे सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने बताया कि समारोह की दृष्टि से अयोध्या में प्रशासनिक रूप से बाहर क्या व्यवस्थाएं हुई हैं। इसकी समीक्षा भी की गई है।

प्रदेश सरकार के मंत्रियों व स्थानीय प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं की कर ली तैयारी

सीएम ने कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशासन व प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने पहले से ही सभी व्यवस्थाओं की तैयारी कर ली है। बेहतर तालमेल के जरिए लोकल स्तर पर न्यास से समन्वय, सुविधा, ट्रैफिक, सुरक्षा आदि के जरिए 22 जनवरी के ऐतिहासिक कार्यक्रम को भव्यता, दिव्यता, सुरक्षित व सुव्यवस्थित तरीके से कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शेष बचे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कर लिया जाएगा।

तीर्थ क्षेत्र न्यास की कार्ययोजना में सहयोग करेगी राज्य सरकार

सीएम ने कहा कि 22 जनवरी के बाद भी तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से श्रीरामलला के दर्शन के लिए जो भी कार्ययोजना तैयार होगी, उसके अनुसार राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर पूरा सहयोग करेगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो, यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग दे रही है। टेंट सिटी, धर्मशाला, होटल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी व प्रयागराज समेत अन्य शहरों से आने के लिए बेहतर ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी को दिक्कत न हो। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

पैदल कतई न आएं, सभी का दायित्व-अव्यवस्था की स्थिति न बने

सीएम ने कहा कि पांच सदी के बाद यह अवसर आया है, इसलिए हर किसी के मन में उमंग व उत्साह है। हर श्रद्धालु दर्शन करना चाहता है। जो भावनाएं आपके मन में हैं, वहीं हमारे मन में भी है।

अनियंत्रित कार ने ई-रिक्शा व बाइक में मारी जोरदार टक्कर एक की मौत , दो की हालत गंभीर

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा में प्रयागराज-प्रतापगढ़ फोरलेन पर शाम एक प्राइवेट अस्पताल के सामने हुआ हादसा

मऊआइमा। मऊआइमा थाना पड़ाव से कुछ ही दूर पर स्थित एक निजि अस्पताल के सामने हाईवे पर अनियंत्रित कार ने पहले बाइक को टक्कर मारते हुए ई रिक्शा में टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक की हालत ने आजुक बनी हुई है।कार चालक भी जख्मी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर सराय अली निवासी मोहम्मद शमशाद 38वर्ष और उसका छोटा भाई मोहम्मद शाहरुख 23 वर्ष पुत्रगण स्वर्गीय मोहम्मद फारूक वेल्डिंग का काम करते हैं। बताया गया है कि शुक्रवार को शाम के समय दोनों भाई बाइक से कहीं वेल्डिंग करने जा रहे थे हाईवे पर प्रतापगढ़ की ओर से आ रही तीव्र गति से कार अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर पहले बाइक में मारी फिर ई रिक्शा में।ई रिक्शा चकनाचूर हो गया। जबकि बुरी तरह जख़्मी मोहम्मद शमशाद और उसके छोटे भाई मोहम्मद शाहरूख को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां स्वरूप रानी अस्पताल में मोहम्मद शाहरूख की मौत हो गई। जबकि बडे भाई शमशाद की हालत नाजुक बनी हुई है।कार चालक मोहनलाल केसरवानी कीटगंज प्रयागराज को निजि अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उधर मऊआइमा पुलिस ने शाहरूख के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक पांच भाईयों में सबसे छोटा था। सूचना पा कर पहुचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

दो गाड़ियों की भिड़ंत में शिक्षिकाएं चोटिल होकर हुई घायल

सहसों। दो गाड़ियों की भिड़ंत में शिक्षिकाएं चोटहिल हो घायल हो गईं। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर शिक्षिकाओं को गाड़ी में बैठाकर सुरक्षित उनके घर भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहरिया विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय कुभौना की प्रीतिमा सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय बैजपुर की धर्मशीला आदि महिला शिक्षिका शुक्रवार को विद्यालय बंद होने के बाद शाम को अपने घर वापस लौट रहीं थीं। जैसे ही वह सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत केसरवानी कोल्ड स्टोर के सामने पहुंची थीं कि एक गाड़ी से भिड़ंत हो गई। अचानक भिड़ंत होने से प्रीतिमा सिंह व धर्मशीला चोटहिल हो गईं। जानकारी मिलने पर सहसों पुलिस मौके पर पहुंच गई। और दोनों गाड़ी वालों को समझा बुझाकर मामला शांत करते हुए महिला शिक्षकाओं को गाड़ी में बैठाकर घर भेज दिया।

बाजारो में फल फूल रहा है नकली पनीर व सिंथेटिक दूध बनाने का कारोबार

कौंधियारा। ग्रामीण अंचल में इन दोनों मिलावटी दूध व केमिकल युक्त मिलावटी पनीर का बड़े पैमाने पर हो रहा है कारोबार। खाद्य विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे हैं इस पर ध्यान। अधिक पैसे कमाने के चक्कर में बाजारों में बेची जा रहे सस्ती व नकली पनीर। अगर देखा जाए तो इन दिनों जारी बाजार व कौंधियारा बाजार में बड़े पैमाने पर सिंथेटिक दूध से पनीर बनाने का कारोबार फल फूल रहा है तो वहीं इन्हीं दुकानों पर सिंथेटिक दूध बनाकर के बाजारों में बेचा जा रहा है। लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारी कभी भी ऐसी दुकानों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जो नकली पनीर बनाने वाले लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। देखा जाए तो जारी बाजार में करछना रोड व नहर के किनारे वाली सड़क पर कई दुकानों में नकली पनीर व नकली क्रीम तैयार करके लोगों को बेचा जा रही है। वहीं इसी तरह से कौंधियारा बाजार में भी कई स्थानों पर नकली पनीर व सिंथेटिक दूध के साथ-साथ नकली क्रीम भी बेची जा रही है। जिसे भोले भाले ग्रामीण शुद्ध पनीर समझ के क्रीम व पनीर खरीद करके घरों में खाने में उपयोग कर रहे हैं। जबकि इसकी शिकायत कई बार स्थानीय लोगों ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से भी की गई। लेकिन इन दुकानों पर कभी भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई । प्रमुख त्योहारों पर नकली पनीर बनाने वालों का कारोबार और बढ़ जाता है और वह बड़े पैमाने पर सिंथेटिक दूध व केमिकल युक्त पनीर बनाने के बाद बाजारों में बेच देते हैं। कौंधियारा बाजार के रहने वाले गुड्डू लाल के द्वारा बताया गया कि कौंधियारा में आधा दर्जन दुकानों पर नकली पनीर बनाने का कार्य होता है, और इन दुकानों में तैयार नकली पनीर क्षेत्रीय ढाबों व अन्य दुकानों पर बेची जाती है जिसे लोग खरीदते हैं।

कार्यवाही: तहसीलदार कोराव ने ग्राम समाज की जमीनें नपवाई

अल्हवा ग्राम सभा में कोटेदार का घर चकमार्ग में फंसा,

ग्राम समाज की अतिक्रमित जमीनें छोड़ें नहीं तो जायेंगे जेल : अजय संतोषी

कोराव। मंडलायुक्त प्रयागराज मंडल तथा डीएम के आदेश पर एसडीएम कोरांव द्वारा गठित तहसीलदार कोराव के नेतृत्व में राजस्व टीम ने शुक्रवार को अल्हवा की चकमार्ग नाला,नवीन परती की पैमाइश कराई। जिसमें कोटेदार अल्हवा लालबहादुर पाल आदि द्वारा चकमार्ग संख्या 1035 और नाला संख्या 1036 ख भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया। तहसीलदार कोरांव अजय कुमार संतोषी के नेतृत्व में गठित टीम ने भूखंड संख्या 755,756,757 आदि चकमार्ग और पत्तेदार की जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। आरोप था की पैमाईश सीमांकन के बावजूद काश्तकार अंगलाल सिंह पटेल आदि ने फसल बो दी। तहसीलदार ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया और अतिक्रमण कताओं को निर्धारित समय के अंदर उक्त भूमि खाली कराने के लिए नोटिस देंगें। अजय संतोषी ने कहा कि ग्राम समाज की अवैध भूमि अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा अध्यक्ष की शिकायत पर कार्यवाही की गई।

शिक्षक ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर पत्नी को चांद पर जमीन का दिया तोहफा



जसरा। शिक्षक ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर पत्नी को चांद पर जमीन का दिया तोहफा। इस तोहफे पर पत्नी के साथ परिवार ने भी मनाई खुशियां । क्षेत्र में लोगों के बीच में होती रही चर्चा। श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में शिक्षक के पद पर कार्यरत डॉ० शिवकुमार केसरवानी पुत्र मक्खन लाल केशरवानी एक व्यावसायिक परिवार से जुड़े हैं। जिन्होंने 19 जनवरी को अपनी प्रथम वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर अपनी पत्नी को चांद पर जमीन खरीदने का कागजात जब तोहफे में दिया तो पत्नी और परिवार के साथ कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय लोगों को आश्चर्य के साथ कौतूहलता भी हुआ और सभी लोगों ने ताली बजाकर नए तोहफे का स्वागत किया । इस अवसर पर डॉ० शिवकुमार केसरवानी ने बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें इस विषय पर जानकारी दिया था जिसके लिए वह अमेरिका में काम कर रहे हैं। इंटरनेशनल लूनर लैंड रजिस्ट्री सोसायटी से संपर्क किया जिससे ऑनलाइन सारे डील हुए। रुपए की भुगतान के बाद प्राप्त कागज के माध्यम से ज्ञात हुआ कि चांद पर सी ऑफ क्लाउड के मेरे नेबियम क्षेत्र में लगभग एक एकड़ जमीन है जिसका दस्तावेज डॉ० शिवकुमार के पास उपलब्ध है । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेन्द्र सिंह, कुलभूषण

एडीओ के मौजूदगी में ब्लॉक के सामने मन्दिर के आस पास सफाईकर्मियों ने लगाई झाड़ू

ब्लॉक परिसर में एडीओ के साथ स्थानांतरित सफाई कर्मी अमित कुमार लगा रहे हंसी के ठहाके!

अखंड भारत संदेश

मांडा। शासन के मंशा के अनुरूप जिला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज के आदेशानुसार शुक्रवार को दोपहर बाद एडीओ पंचायत मांडा रमा कांत पाण्डेय के मौजूदगी में मांडा ब्लॉक मुख्यालय के सामने मन्दिर के आस पास सफाईकर्मियों द्वारा झाड़ू लगवाया गया। और साफ सफाई को लेकर बताया कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत आगामी 14 जनवरी से 21 जनवरी तक सभी मंदिरों एवं परिषदीय विद्यालयों के परिसर कक्षा कक्ष, व उसके आस-पास की पूरी तरह से साफ करने हेतु आदेशित किया। उधर मांडा ब्लॉक से स्थानांतरित सफाई कर्मी अमित कुमार मिश्रा व एडीओ पंचायत रमा कांत पाण्डेय आदि के साथ हंसी के ठहाके लगाते रहे।जहां कि उक्त सफाई कर्मी का स्थानांतरण 5 जनवरी 2024 को जिला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज द्वारा मांडा से कोरांव विकास खण्ड के लिए कर दिया गया था लेकिन मांडा के जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा कार्य मुक्त नहीं कराया गया। उक्त सफाई कर्मियों के साथ सौतेले व्यवहार एवं उनके तिलिस्म की चचाएं तरह तरह की क्षेत्र में फैली हुई है।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : प्रवीण पटेल

सहसों। विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम सभा सेमरा में ग्राम प्रधान आनंद कुशवाहा की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरुक करते हुए प्रचार वाहन में लगे एलईडी पर्दे पर विकसित भारत एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में दिखाया व बताया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी एवं सीएम योगी की सरकार ने देश एवं प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करते हुए आम जनमानस के लिए तरह-तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाकर पात्र जरूरतमंदों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही है। जरूरतमंद ग्रामीण योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाएं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष अनिल सरोज, नरेंद्र कुशवाहा, राजधर द्विवेदी, संजय सिंह, अमन सिंह राजपूत, संतोष सिंह, विमल मिश्रा, राजेश सरोज, रंजन त्रिपाठी सहित आदि ग्रामीण उपस्थिति रहे।

इसी तरह ग्राम सभा पैगंबरपुर में ग्राम प्रधान पुरंदर तिवारी की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने कहा कि सरकार गरीब, मजदूर, शोषितों एवं वंचितों को सुदृढ़ और संपन्न बनाते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवास, आयुष्मान कार्ड एवं किसान सम्मन निधि आदि योजनाओं की उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुभाष शुक्ला, नागेंद्र शर्मा, रामाशंकर यादव, धर्मेंद्र तिवारी, लाल बाहुदुर यादव, राजेश तिवारी, चिंता मणि तिवारी, रामशिरोमणि पांडे सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

गन्ना मूल्य में वृद्धि किए जाने पर किसानों ने बैठक कर सरकार को दी बधाई

मेजा। पूर्व विधायक नीलम करवरिया के आवास पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रदेश के मुखिया को किसानों के हित में गन्ना मूल्य वृद्धि बढ़ाए जाने पर धन्यवाद दिया गया। उल्लेखनीय है कि योगी कैबिनेट में सरकार ने गन्ना मूल्य 20 रू बढ़ा दिया यह मूल्य वृद्धि तीनों श्रेडियों पर लागू होगी मौजूदा समय में 350 रुपए प्रति कुंतल दर था जो अब 370 रुपए हो गया है।2200करोड़ किसानों के खाते में अतिरिक्त जाएगा। सपा सरकार में 5 साल में 25 रू बढ़ा था रेट जबकि योगी सरकार में 6 साल में 55 रुपए की बढ़ोतरी हुई है वर्तमान समय में 120 मिल चल रही है। आज डबल इंजन की सरकार में किसानों का सवार्गीण विकास कार्य हो रहा हैं। मुख्य अतिथि के रूप में आए रमाकांत विश्वकर्मा ने बताया की किसान की आय तीन गुना है ' आज कोई भी किसान फांसी नहीं लगा रहा है। क्योंकि भाजपा सरकार में किसानों का सबसे अच्छा विकास हो रहा है। किसान मोर्चा के जिला प्रभारी कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में सबका साथ सबके विकास के तर्ज के तेजी से विकास हो रहा है। श्री राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। बैठक की संचालन महामंत्री तारा शंकर ने की । इस अवसर पर आदेश सिंह पटेल सेवालाल पटेल राजेश शुक्ला नीतू सिंह रंजय मिश्रा सुभाष प्यासी नीरज कुमार द्विवेदी, विवेक मिश्रा,हृदेश मिश्र, अभिषेक मौर्य, अश्वनी जैन, सुधीर कुमार साहू, कमलेश साहू,मनोज कुमार,दुर्गा पांडे,मुकेश पांडे,भोला नाथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

प्रभु श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

मांडा। प्रभु श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभा यात्रा निकाली गई।इस दौरान कोसड़ा कला मांडा देवकुंड नाथ महादेव मंदिर परिसर में एकत्रित होकर काफिले के साथ डइया राजा दिवाकर प्रताप सिंह उर्फ कृष्णा भैया मांडा खास चौराहे के भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए। जिसमे क्षेत्र के तमाम बच्चे, बुढे, जवान सहित दर्जनों डीजे के धुन पर जमकर थिरके तथा शोभायात्रा में भाजपा व राष्ट्रीय सेवा संघ के कार्यकर्ता हाथ में ध्वज लिए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए मांडा यमुनापार को गूंजायमान किया। इस कार्यक्रम में जिला संघ संचालक सुरेंद्र नारायण , जिला कार्यवाह महेंद्र जी, जिला प्रचारक आलोक , खंड कार्यवाह आशीष कुमार, अरूण कुमार सिंह उर्फ पप्पू,इंद्रमणि कुशवाहा, विनोद गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, मोनू केसरी, जय शंकर प्रजापति,राजीव प्रताप सिंह, राजू शुक्ला ,मनीष मौर्य,रजनीश सिंह, कमल नारायण पांडेय, ललित कांत पांडेय, गणेश मिश्रा, आशुतोष महाराज जी, धंनजय सिंह पटेल, नीरज सिंह, रिशु सिंह, कुलदीप सिंह रोशन सिंह ,प्रभात सिंह ,बुद्धसेन पटेल मंडल अध्यक्ष, महेंद्र सिंह बिसेन, सीताराम आदिवासी, राजित राम आदिवासी, रंगलाल निषाद, धर्मराज निषाद आदि रहे।

ब्लॉक परिसर सहसों सहित आदि स्थानों पर चला सफाई अभियान

सहसों। 22 जनवरी को अयोध्या में आराध्य प्रभु श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रभु श्री राम आए हैं के महोत्सव को देखते हुए क्षेत्र में सरकारी कार्यालयों, मुख्यालयों एवं देवालयों तथा सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चला कर साफ सफाई किया गया। प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने को लेकर विकास खण्ड मुख्यालय सहसों पर ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह की अगुवाई में लोगों ने ब्लॉक परिसर के चारों तरफ साफ सफाई की। स्वच्छता अभियान में प्रभारी बीडीओ संजय सिंह, प्रभारी एडीओ पंचायत राजेश कुमार सिंह, अरुण तिवारी, विजय बहादुर, उदय भान, सुभाष चंद्र मिश्र, कृष्ण कुमार चौरसिया आदि लोग शामिल रहे। इसी तरह प्राचीन दुर्गा मंदिर ललचहां में मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह की अगुवाई में भाजपा कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। दुर्गा मंदिर के परिसर सहित आसपास के घास, कूड़ा, करकट की सफाई तथा झाड़ू लगाया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, मंडल महामंत्री संजय सिंह व पवन शुक्ला, विमल मिश्र, दया सिंह, रंजन त्रिपाठी आदि रहे। इसी प्रकार पाली गांव में नर्मदेश्वर शिव मंदिर पर आनंद कुमार पांडे सहित ग्रामीणों ने साफ सफाई करते हुए भगवान भोलेनाथ परिसर में झाड़ू लगाते हुए पूरे परिसर को साफ किया।

खेत में भैंस चराने से मना करने पर लाठी डंडा से पीट किया घायल

मऊआइमा। खेत में भैंस चराने से मना करने पर एक को मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कखरी उर्फ गंगा का पूरा गांव निवासी हरिकृष्ण पटेल पुत्र स्वर्गीय लालबहादुर पटेल का आरोप है कि उसके खेत में विपक्षी भैंस चरा रहे थे मना करने पर उसे लाठी डंडो से मार पीट कर लहुलुहान कर दिए और कंडी को नष्ट कर दिया गया।हरि कृष्ण पटेल ने मऊआइमा थाना में तहरीर से कर गांव के ही राजेंद्र प्रसाद,सोनू,राज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

सुविधा शुल्क के चक्कर में अधिकारी नहीं कर रहे पूर्व प्रधान के द्वारा कराए गए कार्यों के पैसों का भुगतान

कौंधियारा। पंचायत भवन का निर्माण करने के बाद पंचायत भवन के निर्माण में लगे पैसों का भुगतान पाने के लिए भटक रहे पूर्व प्रधान। अगर देखा जाए तो पूरा प्रकरण कौधियारा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा कुआं का है। जहां पर वित्तीय वर्ष 2020 -2021 उसे कार्यकाल के दौरान ग्राम प्रधान रहते हुए बलराम सिंह के द्वारा ग्राम सभा में पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय एवं दिव्यांग शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया। जिसके तहत पंचायत भवन की स्वीकृत लागत 16.21 लाख रुपए थी। जिसमें पंचायत भवन के निर्माण में राजवित्त 15वां वित से 290112 रूपए मनरेगा से 748915 कुल मिलाकर 1039027 रुपए का भुगतान है। जिसमें पंचायत भवन में कराए गए कार्य को अगर देखा जाए तो पंचायत भवन की इमारत बन चुकी है। जिसमें ज्यादातर कार्य पूर्ण भी हो चुका है। बात करें शेष कार्यों की तो पंचायत भवन में खिड़की का पल्ला, बिजली की वायरिंग होना, पानी की टंकी का कनेक्शन, बाउंड्री वॉल में दरवाजा लगना बाकी है। वही सामुदायिक शौचालय की स्वीकृत लागत 3.12 लाख के सापेक्ष में सामग्री पर 1112338 रुपए एवं श्रम पर 25326 रुपए कुल 137664 रुपए का भुगतान हुआ है। जबकि सामुदायिक शौचालय का कार्य पूर्ण है। वही ग्राम प्रधान के द्वारा दिव्यांग शौचालय को भी जहां पूर्ण कर दिया गया है। जिसकी स्वीकृत लागत 162000 के सापेक्ष में सामग्री पर कुल 55049 एवं एवं श्रमिकों का कोई भुगतान नहीं हुआ है। वही कार्य पूर्ण होने के बाद से ग्राम प्रधान के द्वारा कराए गए कार्य का भुगतान आज तक नहीं किया गया। जहां उसके बाद पंचायत चुनाव होने के बाद ग्राम सभा में नए ग्राम प्रधान के द्वारा भी पूर्व प्रधान के द्वारा कराए गए कार्यों का भुगतान करने में हीला हवाली की जाती रही। इस संदर्भ में पूर्व ग्राम प्रधान कुआं बलराम सिंह के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कराए गए कार्यों का भुगतान न होने की शिकायत उनके द्वारा खंड विकास अधिकारी से लिखित रूप में की गई। लेकिन उसके बावजूद भी आज तक पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय व दिव्यांग शौचालय के निर्माण में लगे शेष पैसों का भुगतान आज तक नहीं किया जा रहा है। वही कौंधियारा विकासखंड के ही कुछ कर्मचारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह भी इशारों इशारों में बताया कि ग्राम विकास अधिकारी व अन्य अधिकारी उक्त भुगतान को करने के लिए तो तैयार हैं। लेकिन पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान करने से पहले वह कुछ सुविधा शुल्क की इच्छा रख रहे हैं। जिसके कारण वह पूर्व प्रधान के द्वारा कराए गए कार्यों का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

पूर्व प्रधान ने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय व दिव्यांग शौचालय का कराया था निर्माण

हाई स्कूल की प्रोजेक्ट व नैतिक शिक्षा तथा इंटर की प्री बोर्ड परीक्षा 23 जनवरी से

मेजा। हाई स्कूल की प्रोजेक्ट परीक्षा व नैतिक शिक्षा एवं इंटरमीडिएट प्री बोर्ड परीक्षा आगामी 23 जनवरी 2024 से प्रारंभ होगी। उक्त आशय की जानकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजाराम यादव इंटर कालेज के प्रिंसिपल दिनेश चंद यादव ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कक्षा 9 से कक्षा 12 तक सभी छात्र एवं छात्राओं का शिक्षण कार्य प्रातः 10 बजे शाय 3 बजे सुचारुरूप से संचालित होगा जिसमें शिक्षा रत सभी छात्रा एवं छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षा 2 फरवरी से 9 फरवरी के मध्य किसी भी दिन वाह्य परीक्षक द्वारा कराई जा सकती है ऐसे में उन्होंने स्कूल के सभी छात्रा छात्राओं से नियमित स्कूल आने तथा अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील किया है।

दुकान में आग लगने के एक सप्ताह बाद भी नही हो सकी जांच, भुक्तभोगी लगा रहा थाने का चक्कर

सोरांव। इलाके के बरई शिव सब्जी मंडी के पास गोहरी रोड के तिराहे पर स्थित एक बुजुर्ग अपनी जीविका चलाने के लिए पंचर बनाने व हवा भरने का काम छप्पर रखकर किया है। बीते बारह जनवरी को उसके छप्पर में किसी व्यक्ति ने आग लगा दिया जिससे छप्पर चलकर राख हो गई। इतना ही नहीं छप्पर में रखे गए इंजन व हवा के कंप्रेसर की टंकी भी जल गई जिससे बुजुर्ग का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। मामले में सोरांव थाने पर तहरीर दिया लेकिन एक हफ्ते बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।जानकारी के अनुसार हरी डीह निवासी लक्ष्मण प्रसाद पुत्र जवाहर लाल अपनी जीविका चलाने के लिए बरई शिव सब्जी मंडी के पास एक छप्पर में हवा भरने व पंचर बनाने का काम करता है। आरोप है कि तेरह जनवरी को बगल में दुकान किया हुआ एक व्यक्ति से कुछ विवाद हो गया। और उन्होंने छप्पर में आग लगाने की धमकी दी थी। जिसको लेकर जब दुकानदार 14 जनवरी को दुकान खोलने के लिए आया। तो देखा कि उसका छप्पर सहित इंजन व कंप्रेसर जलकर राख हो गए थे। मामले में सोरांव पुलिस को नामजद तहरीर दिया। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे गरीब भुक्तभोगी थाने का चक्कर लगाने की मजबूर है।

उत्तर प्रदेश दिवस को गौरवपूर्ण एवं सकुशल ढंग से मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में 24-26 जनवरी, 2024 तक उत्तर प्रदेश दिवस को गौरवपूर्ण एवं सकुशल ढंग से मनाने के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 24-26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसकी थीम ह्यह्यउत्तर प्रदेष की समृद्ध सांस्कृतिक विरासतह्लह्लहै। इस अवसर पर निवेश एवं रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां, रोड सो, उद्यमी सम्मेलन आदि कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यालयों में साफ-सफाई, लाइटिंग आदि की व्यवस्था कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को लाभार्थीपरक योजनाओं का स्टाल लगवाने के लिए निर्देशित किया, जिससे कि आम जनता केन्द्र सरकार एवं उ0प्र0 सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके तथा उससे लाभान्वित हो सके। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियो को निर्देश दिये कि सभी विभाग अपने-अपने योजनाओं का प्रदर्शनी लगायेंगे तथा उसका प्रचार-प्रसार करेगें तथा स्वयं उपस्थित भी रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, उप निदेशक पर्यटन अपराजिता सिंह सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अनुपचारित सीवेज और प्रदूषित पानी गंगा नदी में नही छोड़ा जाना है : जिलाधिकारी

प्रयागराज। को संगम सभागार में जिला गंगा सुरक्षा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति और जिला पर्यावरण समिति प्रयागराज की बैठक जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में संपन्न की गई सीडीओ गौरव कुमार एवम प्रभागीय निदेशक महावीर कौजलगी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा टैप्ड एवं अनटैप्ड नालों की समीक्षा की गई जिसमें अनटैप्ड नालों को शीघ्र टैप्ड करने के निर्देश दिए गए और कहा किसी भी हाल में अनुपचारित सीवेज और प्रदूषित पानी गंगा नदी में नही छोड़ा जाना है। साथ ही राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन केडिजिटल डैशबोर्ड फॉर डिस्ट्रिक्ट गंगा कमेटी जीडीपीएमएस पोर्टल पर जिला गंगा समिति के विभिन्न विभागों द्वारा उनसे संबंधित विभिन्न मापदंडों को भरने हेतु निर्देशित किया ' डीएफओ महावीर कौजलगी ने बताया की 31 जनवरी को जिला गंगा समिति द्वारा गंगा स्वच्छता जागरूकता हेतु किन्नर समुदाय के सहभागिता से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ' इसी क्रम में वृक्षारोपण वर्ष 2024 हेतु जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागो को आवंटित लक्ष्य के अनुसार स्थल का चयन कर विभागी कार्य योजना तथा सूक्ष्म योजना तैयार कर वन विभाग को देने का निर्देश दिया 'पर्यावरण समिति के अंतर्गत माघ मेला में नगर निगम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लान तैयार देने चर्चा की।

श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर करेलाबाग में निकली भव्य शोभा यात्रा

प्रयागराज। करेलाबाग स्थित निषाद राज पार्क से शुक्रवार को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर एक शोभायात्रा नीलम निषाद के संयोजकत्व से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्तों ने सहभाग किया। फोर सीजन के प्रांगण में मंडल उपाध्यक्ष संजय कुशवाहा के सौजन्य से भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मंडल मंत्री अरुण निषाद ने बताया की 22 तारीख को ककरहा घाट स्थित प्राचीन महादेव मंदिर से भव्य शोभा यात्रा पुनः निकाली जाएगी एवम प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी किया जाएगा।

सच्चा बाबा आश्रम 22 को होगा भव्य श्रीराम का संकीर्तन

नैनी। नैनी क्षेत्र के त्रिवेणी संगम तट पर अरैला स्थित सच्चा बाबा आश्रम में अयोध्या में श्रीराम लला की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त 22 जनवरी को प्रातः 9 बजे से अपराह्न 1 बजे तक श्रीराम जय राम जप संकीर्तन कार्यक्रम होगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अभिषेक शुक्ल आचार्य जी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम संपन्न होने के बाद दिव्य प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा ,जिसमे क्षेत्र के श्री राम भक्तो से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

कैबिनेट मंत्री नंदी ने नैनी के पीडीए कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया

नैनी। नैनी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रदेश की योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने नैनी के पीडीए कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, आयोध्या धाम। प्रधानमंत्री ने स्वयं इस अभियान की शुरूआत पंचवटी से की थी, जहां भगवान राम अपने वनवास के दौरान सबसे लंबे समय तक रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी। सनातन धर्म को मानने वाले लोगों में दीपावली पर्व जैसा माहौल बना है। अयोध्या मे श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन लोग अपने घरों में दीपक जलाकर दीपावली पर्व मनाएंगे।

जन जागरण को लेकर माधव ज्ञान केंद्र नैनी में शोभायात्रा निकल गया

नैनी। नैनी अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि स्थल पर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम जन जागरण हेतु 22 जनवरी को सभी अपने घरों में, भगवान की पूजा अर्चना मंदिरों में करेंव्यापक जन जागरण को लेकर माधव ज्ञान केंद्र नैनी में शोभायात्रा निकल गया जो कॉटन मिल तिराहा लोकपुर शिवनगर होते हुए माधव ज्ञान केंद्र पर समाप्त हुई, शोभा यात्रा का प्रारंभ विश्व हिंदू परिषद प्रांत संगठन मंत्री नितिन ने पूजा अर्चना करके प्रारंभ किया उन्होंने कहा श्री राम जन्मभूमि स्थल पर प्राण प्रतिष्ठा से संपूर्ण समाज की राष्ट्रीय चेतना का स्तर उन्नत हुआ है, अयोध्या में श्री राम मंदिर के भव्य निर्माण मानव पूरे सनातन समाज के लिए अरुणोदय साबित हुआ है राष्ट्रीय महत्व के सभी लंबित कार्य पूरे हो रहे हैं सामान्य व्यक्ति में भी राष्ट्रीय चेतना का जागरण हो रहा है देश के अंदर 100 करोड़ हिंदुओं की भावना के अनुरूप श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य हो रहा है देश ही नहीं पूरी दुनिया की हिंदुओं का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है, पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करती है राम की नींद सब में राम, सबके राम इस अवसर पर प्रमुख रूप से सच्चा आश्रम संस्कृत महाविद्यालय के प्रबंधक दिव्यानंद, सह विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमोद, जिला प्रचारक अतुल, जिला कार्यवाहक राजेश, रामराज सिंह, विश्व हिंदू परिषद प्रयाग महानगर के मंत्री सत्य प्रकाश मिश्रा बबलू, शिव शंकर दीक्षित, अशोक अग्रवाल, अभिषेक शुक्ला, नीलम यादव, राजेश तिवारी, राजन शुक्ला सहित अनेक पदाधिकारी यात्रा में शामिल रहे।

26 जनवरी को पूरे देश में ट्रैक्टर परेड करेंगे किसान

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। परेड मैदान में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन किसान महाकुंभ के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को एक किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद में स्थित क्रिया योग आश्रम के आचार्य योगी सत्यम ने भी हिस्सा लिया और सनातन धर्म के मार्ग पर किसानों को चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ प्रयागराज अधिवेशन में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आज घोषित किए गए गन्ने का मूल्य काफी नहीं है। मात्र 20 रुपये बढ़ने से किसान को निराशा हुई है। प्रदेश का किसान 400 रुपये से अधिक गन्ना मूल्य घोषित होने की आशा कर रहा था, क्योंकि खेती पर प्रतिदिन खर्च बढ़ता जा रहा है। इसके अनुपात में किसान को फसल का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है।

16 फरवरी को भारत बंद का एलान

14 मार्च को दिल्ली में होगी किसान महापंचायत : उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर अपने जनपदों के अंतर्गत आने वाली ग्राम इकाई को मजबूत करना होगा। संगठन में युवा इकाई का कार्य समस्याओं के लिए ज्ञापन देना नहीं है। वह वरिष्ठ पदाधिकारीयों के साथ मिलकर कार्य करें। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि हम 26 जनवरी को देश भर में ब्लॉक व तहसील स्तर पर ट्रैक्टर परेड निकलेंगे. क्योंकि हमने दिल्ली में हुए किसान आंदोलन में भी ट्रैक्टर परेड निकाली थी। देश का किसान 16 फरवरी को भारत बंद के साथ-साथ खेती किसानी के सभी कार्य भी एक दिन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लंबित चल रही है अपनी सभी मांगों को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में 14 मार्च को एक दिवसीय किसान महापंचायत का आयोजन करेगा। जिसमें देश भर के किसान शामिल होंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतिम दिन महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के गौरव टिकैत, राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ,उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजपाल शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अनुज सिंह, राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना, प्रमुख प्रदेश महासचिव विजेंद्र सिंह यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुशलपल आर्य,राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अनिल यादव ने हिस्सा लिया। पंचायत की अध्यक्षता शालिग्राम यादव जी ने की ओर संचालन राष्ट्रीय महासचिव ओमपाल मलिक जी ने किया।

राकेश टिकैत ने कहा किसानों का भविष्य सरकार नहीं, आंदोलन तय करेगा : इसके पहले भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों का भविष्य सरकार नहीं, आंदोलन तय करेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह बीजेपी के वोट बैंक का जरिया है। केंद्र में किसी की भी सरकार बने, किसानों की आवाज सुननी होगी। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन अराजनैतिक है। लोकसभा चुनाव में हमारी कोई सक्रिय भूमिका नहीं है। मोदी सरकार की नीतियां तो किसान विरोधी ही हैं। केंद्र में सरकार चाहे जिसकी सरकार बने, उसे किसानों की आवाज सुननी होगी। पूंजीवाद देश पर हावी हो रहा है। किसानों के बच्चों के पास रोजगार नहीं है। जमीन बेचकर गुजारा कर रहे हैं। किसानों को सबसे निचले स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। मजबूरी में लाखों किसान भूमिहीन होकर मजदूर बन रहे हैं। सरकार देश में मजदूरों की फौज इकट्ठा कर रही है।राम मंदिर और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर उन्होंने कहा कि मंदिर तो गांव-गांव में हैं। हर गांव में भूमि पूजन होता है। आस्था और भक्ति व्यक्तिगत विषय है। राम मंदिर और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए चारों तरफ जो हल्ला मचा है, वह चुनावों की वजह से है। राम मंदिर भाजपा का वोट बैंक है। भाजपा देश के युवाओं को धार्मिक उन्माद की तरफ ले जा रही है।

अरैल स्थित मंदिरों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

नैनी। नैनी अरैल स्थित मंदिरों में पार्षद मयंक यादव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री के आह्वान पर भगवान श्री रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है इसी उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर सारे हिंदुस्तान में जो भी देवी-देवताओं के मंदिर मे स्वच्छता अभियान बड़े स्तर पर चल रहे है साफ-सफाई स्वच्छता के आह्वान को ध्यान में रखते हुए अरैल स्थित सोमेश्वर नाथ मंदिर में साफ-सफाई

की गई पार्षद मयंक यादव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अवसर पर विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह, नितिन केसरवानी उर्फ बबलू भाजपा कार्य समिति सदस्य, भाजपा सेक्टर प्रभारी चकदोदी प्रदीप तिवारी, समाज सेवक राजेश थापा, बच्चन मिश्रा, महंत सोमेश्वर नाथ मंदिर कार्तिकेय पुरी, संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज आदि ने साफ सफाई बड़े पैमाने पर स्वच्छता की गई।

मेजा में ठंड से वृद्ध महिला की मौत, मचा कोहराम

मेजा। इन दिनों पड़ रही कड़ाके सर्दी जानलेवा साबित हो रही है। ठंड की वजह से शुक्रवार को एक रिटायरमेंट शिक्षिका की मौत हो गई। मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर केवटहिया रिटायर्ड शिक्षिका कलावती देवी (75) का ठंड लगने से मौत हो गई। ठंड लगने से खून संचालन की रफ्तार कम हो जाती है। इसका सीधा असर हृदय पर पड़ता है और मौत की आशंका बढ़ जाती है। महिला के साथ ऐसा ही होना प्रतीत हो रहा है। मृतक वृद्ध महिला का शव परिजन द्वारा शुक्रवार को सिरसा छतवा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाकर रखना बेहद जरूरी है। वर्तमान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है जो घातक साबित हो सकती है। सभी आयु वर्ग के लोग गर्म पानी पीएं, ज्यादा से ज्यादा गर्म कपड़े पहनें। वृद्ध व बच्चे बहुत जरूरी होने पर घर से बाहर निकलें और कानों को जरूर बांधकर रखें। आग के पास बैठकर तापते रहें। सांस लेने में परेशानी, सीने में दर्द और सुन्नापन होने पर चिकित्सक को दिखाकर उपचार लें।

केवीआईसी अध्यक्ष ने माघ मेला में आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी का किया उद्घघाटन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज कुमार नेप्रयागराज में चल रहे माघ मेलामें परेड ग्राउंड के जवाहर लाल मार्ग पर लगी आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी का शुक्रवार को उद्घघाटन किया। इस अवसर शहर उत्तरी से विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी उपस्थित रहे।17 जनवरी से 5 फरवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 11 राज्यों के करीब 112 स्टाल लगे हैं जिस पर खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। विगत वर्ष आयोजित राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी में 5.82 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हुई थी। उद्घघाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा ही माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी और ग्रामोद्योग आयोग लगातार खादी उत्पादों को जन-जनतक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में हर वर्ष देश के महत्वपूर्ण स्थानों पर खादी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि तीर्थराज प्रयाग की संगम की रेती पर चलनेवाले माघ मेला के अवसर पर श्रद्धालु एवं साधु-संतों तक खादी उत्पाद पहुंचाने के लिए यहां

संगम की रेती पर एक ही छत के नीचे आत्मनिर्भर मिनी भारत की झलक

17 जनवरी से 5 फरवरी 2024 तक चलेगी प्रदर्शनी, लगे हैं 112 स्टाल

पर आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी-2024 लगाई गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की खादी संस्थाएं, पीएमईजीपी/आरईजीपी यूनिट, स्फूर्ति इकाइयां खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। प्रदर्शनी में सूती, ऊनी, ऊनी खादी, सिल्क खादी, पॉली खादी, रेडीमेड वस्त्र, सिल्क साड़ी, लेडीज सलवार सूट एवं मोदी जैकट समेत विभिन्न खादी उत्पाद बिक्री के लिए रखे गये हैं, जबकि ग्रामोद्योगी उत्पादों में आर्गेनिक शहद, हर्बल कॉस्मेटिक आइटम, चर्म निर्मित उत्पाद, शैम्पू, साबुन, पॉटरी के विभिन्न उत्पाद, आचार, आंवला के विभिन्न उत्पाद जैसे-कैंडी, बर्फी, मुरब्बा, आंवला जूस बिक्री के लिए उपलब्ध हैं । इस अवसर केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमारने कहा कि ह्यमोदी सरकार की गारंटी वाली नये भारत की नयी खादी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान को नयी दिशा दी है । पिछले 9 वर्षों में खादी उत्पादों की बिक्री में चार गुना से अधिक की बिक्री ने ग्रामीण भारत के कारीगरों को आर्थिक रूप से समृद्ध किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत'मंत्र ने खादी को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई है। पिछले 9 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों का कारोबार 1.34 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है, जबकि इस दौरान 9.50 लाख से अधिक नये रोजगार का सृजन हुआ है। उद्घघाटन कार्यक्रम में खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, खादी कार्यकर्ता, पीएमईजीपी और स्फूर्ति योजना से जुड़े उद्यमियों के साथ ही केवीआईसी और मेला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रदेश के सबसे कम आयु के साई ब्रदर्स का अनोखा कारनामा

12 साल के आशित और 6 साल के आरव ने तैयार किया प्राण प्रतिष्ठा गीत...

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश के रामभक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज के दो नन्हे मुन्हे बच्चों ने भक्तों व श्रद्धालुओं को समर्पित एक भजन को तैयार किया है। जिसमें श्रद्धालुओं से अयोध्या आने की अपील की गई है। शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने बच्चों के इस भजन का विमोचन किया और सराहना करते हुए कहा कि यह भजन सभी श्रद्धालुओं के दिल में समाएगा। महापौर ने कहा कि यह बच्चे पहले से ही कई बड़े मंचों पर प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। लेकिन इस बार बच्चों ने जो भजन तैयार किया है वह दिल को छू जाने वाला है। संगम नगरी के मशहूर बाल कलाकार साईं ब्रदर्स ने खुद ही इस भजन को लिखा है और उसके बोल को संगीत के माध्यम से तैयार किया है। इस भजन में राम पर आस्था रखने वाले भक्तों से अयोध्या आने की अपील की गई है। साथ ही भजन में

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर के प्रयागराज के साइ बंधुओ ने तैयार किया प्रदेश का पहला चलो अयोध्या चलो गीत

महापौर गणेश केसरवानी ने गीत का किया विमोचन

बताया गया है कि भगवान राम की अयोध्यानगरी भक्तों को क्यों आना चाहिए। भजन के विमोचन के अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी के अलावा पार्षद आशीष द्विवेदी और राजू शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। छोटी सी उम्र में बड़े हुनर रखने वाले अशित को देश के अलग अलग जिलों मे विशेष सम्मान मिला हुआ है। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में आयोजित शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में अशित ने प्रथम स्थान हासिल किया जिसमें पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अशित को सम्मानित किया। पद्मश्री मालिनी अवस्थी के साथ-साथ कई राजनेता और आईएएस आईपीएस सम्मानित कर चुके हैं।इसके साथ ही अशित को कला संस्कृति सम्मान , प्रयागराज का बाल श्री सम्मान हरिहर गंगा रत्न सम्मान जैसे कई बड़े सम्मान समारोह में सम्मानित हो चुके हैं अशित लोकगीत और भजन गायक तो है ही इसके साथ ही साथ गिटार मंडोलियन और सिंथसाइजर में महारथ हासिल है । अशित के इस हुनर की बानगी उसके छोटे भाई आरव में भी दिखाई देती है जिसकी उम्र 6 साल है । अब अशित के साथ-साथ उनके परिवार वालों का सपना है अशित के इस हुनर को सरकार आगे बढ़ाएं साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने अपनी कला का प्रदर्शन करें।

दीपाली व गीता सिंह को यूजीसी नेट की मिली उपाधि

प्रयागराज। अल्लापुर, प्रयागराज की निवासी दीपाली सिंह, पुत्री बृजेश प्रताप सिंह एवम गीता सिंह को राजनीति विज्ञान विषय में 60 प्रतिशत अंकों के साथ यूजीसी नेट की उपाधि प्राप्त हुई है। दीपाली इलाहाबाद विश्व विद्यालय के संघटक महा विद्यालय श्यामा प्रसाद मुखर्जी से 2020 में 84 प्रतिशत अंकों के साथ परास्नातक उत्तीर्ण हुईं थीं। यह वर्तमान में राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय में शोधार्थी हैं एवम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। दीपाली की सफलता से परिजनों में खुशी का माहौल है।

डा संगम मिश्र की टीम ने यमुनापार में जनसंपर्क कर बांटा कम्बल गर्म कपड़े

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। करछना के भनौरी,गोठी तथा बकरावां गांवों में डॉ संगम मिश्र की टीम ने व्यापक जनसंपर्क किया। बकरावां में ग्राम प्रधान शमशेर सिंह के घर पर बुलाई गई सभा में शंकरदेव त्रिपाठी ने कहा डॉ संगम मिश्र की ओर से पूरे यमुनापार क्षेत्र में इन दिनों गर्म कपड़े,कंबल, स्वेटर व टोपी बांटी जा रही है। त्रिपाठी जी ने कहा अभी कल ही गंज में, चितौरी व बेलवा गांव में कैंप लगा करके लोगों को कंबल,स्वेटर एवं टोपी का वितरण किया गया। उक्त स्थान पर प्रधान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से एवं अपने वरिष्ठ कार्यकताओं के द्वारा कंबल,स्वेटर,गर्म कपड़े व टोपी का वितरण का काम किया गया। बेलवा में विजय सिंह के आवास के सामने कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों को कंबल बांटा गया। गर्म कपड़े बांटे गए। प्रधान गंज के हाथों से भी कंबल,स्वेटर गर्म कपड़े बटवाये गए। यमुना पार की गरीब जनता को बड़ी संख्या में कंबल की व्यवस्था,स्वेटर की व्यवस्था,टोपी की व्यवस्था एवं गर्म कपड़ों की व्यवस्था भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र ने की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह ने कहा डॉ संगम मिश्र कहते हैं कि क्षेत्र का कोई भी गरीब हो, निर्बल हो,असहाय हो, विकलांग हो व वृद्ध हो आप लोग घर-घर जाकर एवं कैंप

ठंड के दिनों में गर्म कपड़ों की नहीं होने देंगे कमी : शंकरदेव त्रिपाठी

लगा करके गर्म कपड़े,कंबल, स्वेटर व टोपी बांटते रहा करिए। डॉ संगम मिश्र कहते हैं,ठंडी के मौसम में गर्म कपड़ों की कमी नहीं होने पायेगी। हम लोग लगातार डॉ संगम मिश्र के आदेशों के अनुसार क्षेत्र में गर्म कपड़े बांट रहे हैं। शुक्रवार की सभाओं में लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र का जोरदार समर्थन किया। बैठक में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम प्रधान शमशेर सिंह,गुलाब सिंह,राधिका पटेल, कमलेश, धर्मराज पटेल, अरुण पटेल चंद्रभान पटेल मुंशीलाल पटेल, केवला प्रसाद सिंह,उमा सिंह,अमरनाथ, बृजलाल ,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता समाजसेवी व किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नगर के कई गांव में निकाली गई प्रभात फेरी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में नगर सहित प्रत्येक खंड के प्रत्येक गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में मातृ शक्तियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुण्य की भागीदार बनी।

राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति ने निकाली फेरी

प्रातः काल ही राम भक्त निकट के मंदिर पर एकत्रित होकर ध्वज, पताका के साथ श्री राम जय राम जय जय राम का कीर्तन करते हुए एवं जय श्री राम के उद्घोष के साथ गली मोहल्ले में टहलते हुए इस बात का संदेश दे रहे हैं 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हम सभी अपने निकट के मंदिर में भजन, कीर्तन, सुंदरकांड का पाठ, विजय मंत्र का पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ आदि आध्यात्मिक कार्यक्रमों को संपन्न करेंगे।

प्रभात फेरी में शामिल राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति के पदाधिकारी।

जब राम भक्त प्रभात फेरी के लिए अपने निकट के मंदिर पर एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए जब यह ध्वनि समाज के कानों में पड़ती है तो सारे लोग निकलकर जय श्री राम का उद्घोष करते हुए राममय वातावरण में परिवर्तित कर देते हैं। नगर में शिव बस्ती, केशव बस्ती, मां बेल्हा बस्ती ,हनुमत बस्ती, वीर सावरकर बस्ती ,मां काली बस्ती, विवेकानंद बस्ती, अर्जुन बस्ती आदि बस्तियों में प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली गई। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के जिला सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय ने दिया। इस पूरे अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक रमेश चंद्र त्रिपाठी, विभाग प्रचारक प्रवेश, विभाग कार्यवाह हरीश कुमार, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, सहसंयोजक महेश गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अभियान के प्रचार प्रमुख शिवेश शुक्ला, विवेक कुमार, जिला प्रचार प्रमुख अंकुर श्रीवास्तव, सारिका श्रीवास्तव, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री रजनीश, नगर के सहसंयोजक अवधेश मिश्रा, प्रभात कुमार, सीतांशु ओझा, अजय कुमार पांडे, शैलेश सिंह, अनुराधा के सरवानी, अनामिका उपाध्याय, मोनिका खरे, छाया, रेखा, अंकित, राज, विवेक, युवराज सिंह, संतोष कुमार, दिनेश कुमार, ज्ञानेश,नीरज, लवलेश आदि मौजूद रहे।

भगवान प्रभु राम की भव्य शोभा यात्रा का परियावां मे स्वागत

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। जैसे जैसे प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का समय नजदीक आता दिखाई दे रहा है वैसे वैसे पुरा क्षेत्र प्रभुराम के आगमन को लेकर गुंजयमान होता दिखाई दे रहा है लोगों को बस 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कि आखिर मे वह दिन आ ही गया लम्बे 500 वर्षो से भगवान प्रभु श्री राम तम्बू तिरपाल मे गुजार रहे अपने भव्य मंदिर मे विराज मान होगे ग्रामीण क्षेत्रो मे 22 जनवरी को दीपावली की तरह पुरा प्रदेश देखने को मिलेगा जिस प्रकार 14 वर्ष का वनवास काटने के बाद अयोध्या लौटने पर ग्राम वासियो ने जश्न मनाया था उसी प्रकार 22 जनवरी को प्रभु राम के विराज मान होने पर पूरे प्रदेश मे जश्न मनाया जायेगा जिसकी तैयारियां जोरो से चल रही है।गुरुवार को माँ ज्वाला देबी धाम से प्रभु राम की शोभा यात्रा डीजे के साथ निकाली गई जो नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजार होते हुए परियावां बाजार पहुंची जंहा ब्यापारी युवा नेता सोम सोनी, संजय अग्रहरि, अश्वनी मोदनवाल, अमित जायसवाल, बबलू अग्रहरि, सर्वेश अग्रहरि, राजेश अग्रहरि, शुभम अग्रहरि, जगदीशपाल जतिन अग्रहरि आदि लोगों ने स्वागत कर लोगो को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान समुचे क्षेत्र मे जय श्रीराम का नारा गूँजता रहा।

शोभा यात्रा का स्वागत करते परियावां के व्यापारी युवा वर्ग।

ज्वाला देवी धाम मानिकपुर में हुई अराजनैतिक भाकियू की बैठक

परियावां, प्रतापगढ़। मानिकपुर ज्वाला देवी धाम मंदिर मे शुक्रवार को भाकियू (अराजनैतिक) के सम्मानित पदाधिकारियों की एक बैठक आहुति की गयी है जिसमें सभी पदाधिकारियो को समय से पहुंचने की अपील की गई है बैठक मे 27, 28 व 29 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय चिंतन शिविर प्रयागराज मे शिविर को लेकर आवयश्यक बैठक है, जिसमें बैठक में पदाधिकारियों की हीला हवाली व न पहुंचने पर पद मुक्त कर दिया जायेगा उक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल व महासचिव कमलाकान्त गौतम ने दी है।

साकेत गर्ल्स इंटर कालेज में मानव श्रृंखला बनाकर राम शब्द को किया गया चित्रित

राम शब्द की श्रृंखला बनाती साकेत गर्ल्स इंटर कालेज की छात्राएं।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में साकेत गर्ल्स इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर श्री राम शब्द को चित्रित किया गया। शनिवार को साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज की छात्राओं द्वारा नृत्य-नाटिका का प्रस्तुतीकरण कर श्री राम जन्मोत्सव में रामलला का स्वागत किया जायेगा और छात्राओं द्वारा जय श्री राम को एक ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा। 22 जनवरी 2024 को प्रातः 10:00 बजे से सुन्दरकाण्ड का पाठ होगा और अपराह्न 12:30 पर राम मंदिर के मॉडल में राम लला का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। सांय काल 5:30 पर 5100 दीप से श्री राम की प्रस्तुति की जायेगी।

जेआरएफ में सफलता पर जतायी खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के पथरहा कटकावली निवासी मेधावी गोपाल मिश्र पुत्र मनोज मिश्र को जेआरएफ में मिली सफलता पर लोगों ने खुशी जतायी है। मेधावी गोपाल के पिता व मां तथा परिवार के लोगों समेत सुरेन्द्र नाथ मिश्र, रवीन्द्र नाथ मिश्र, शिवम त्रिपाठी, कार्तिकेय मिश्र आदि ने खुशी जताते हुए मेधावी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी सौंपी।

पत्रकार महासंघ चुनाव में पन्नालाल अध्यक्ष व अजय महामंत्री निर्वाचित

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की तहसील इकाई कुंडा का कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निर्विरोध चुनाव शुक्रवार को तहसील सभागार कक्ष मे सकुशल संपन्न हुआ। चुनाव में पन्नालाल गुप्ता अध्यक्ष व अजय यादव महामंत्री निर्वाचित हुए हैं। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर ज्ञान प्रकाश शुक्ला के चुनाव पर्यवेक्षण में चुनाव अधिकारी व तहसील के संयोजक डॉ विजय यादव ने सर्वसम्मति से चुनाव कराया जाने का प्रस्ताव रखा तो सभी उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से अपने सहमति दे दी।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तहसील सभागार में चुनाव संपन्न

सर्वप्रथम अध्यक्ष के पद पर पन्नालाल गुप्ता के नाम का प्रस्ताव आने पर सभी सदस्यों ने खड़े होकर एक स्वर में समर्थन किया। उपाध्यक्ष के चार पद पर ब्लॉक कुंडा से रूपेंद्र शुक्ला, कालाकांकर ब्लॉक से शाहबाज खान, बाबागंज तथा रामपुर संग्रामगढ़ दो ब्लॉक से देवी शरण मिश्र उर्फ संगम मिश्रा व बिहार ब्लॉक से उपेंद्र तिवारी निर्वाचित हुए हैं।

महामंत्री पद पर अजय यादव तथा सचिव के पद पर जफर अहमद सिद्दकी चुने गए हैं। संगठन सचिव के पद पर रामबरन, संयुक्त सचिव के पद पर रोहित पांडे तथा आय-व्यय निरीक्षक के पद पर धीरज धुरिया रहे। कोषाध्यक्ष के पद पर अरविंद जायसवाल व मीडिया प्रभारी गौरव मिश्रा को बनाया गया है। जिला प्रतिनिधि के लिए उमाशंकर व सत्य प्रकाश तिवारी को बनाया गया 11 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए सर्वश्री अरशद खान, सारस्वत शुक्ला, प्रवीण कुमार मिश्रा उर्फ धीरू, अजमत अली, अजय ओझा, शाद आजम, सुहैल अहमद, मनमोहन सिंह व रवि मोदनवाल चयनित हुए हैं। पर्यवेक्षक ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए पत्रकार व पत्रकारिता पर अपने विचार व्यक्त किया तथा नए पत्रकारों को अपने वरिष्ठ लोगों के प्रति सम्मान करने का पाठ सिखाया। विशेष आमंत्रित अतिथि राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया तथा मंडल अध्यक्ष अजय पांडे ने भी अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष व निर्भीक होकर पत्रकारिता के मापदंड के अनुसार लेखन का कार्य करें, न की अपने विचार व्यक्त न करें। इससे पत्रकारिता की निष्पक्षता प्रभावित होती है। चुनाव अधिकारी डॉक्टर विजय यादव ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 15 फरवरी के पूर्व कराने का निर्देश देते हुए चुनाव व्यवस्था में सहयोग के लिए तहसील प्रशासन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल व संजय सिंह समेत पुलिस बल तथा समस्त पत्रकारों के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है। चुनाव संपन्न होने के बाद पत्रकारों ने नगर में विजय जुलूस निकालकर नगर भ्रमण किया।

पुरानी रंजिश को लेकर पिता पुत्र व बेटी की पिटाई

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बलीपुर बोदवा गांव निवासी अरविंद सरोज पुत्र कृष्णलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती मंगलवार की रात लगभग नौ बजे वह अपने दरवाजे पर काम कर रहा था। इसी बीच गांव के राकेश पुत्र अलगू, कृष्णा सरोज पुत्र सभादीन वहां पहुंचे और गाली देने लगे। विवाद बचाने को पीडित घर में चला गया तो आरोपीगण घर में घुस आये और पीडित को मारने पीटने लगे। बचाव में पहुंचे पीडित के पिता व उसकी बेटी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

विधायक ने चयनित प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किया प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला उ0प्र0 कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र जेठवारा रोड मानधाता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल द्वारा फीता काटकर रोजगार मेला का उद्घाटन व सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष मानधाता बादल पटेल एवं एडीओ आईएसडी ब्लाक मानधाता राकेश कुमार द्वारा मेला में प्रतिभाग करने वाली कम्पनियों के स्टालों का अवलोकन किया गया। रोजगार मेला में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं आईटीआई के लगभग 290 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया

विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेले में 151 प्रशिक्षणार्थियों का हुआ चयन

तथा 185 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार दिया। नियोक्ता कम्पनी टाटा मोटर्स, वेल्सपन इण्डिया एवं रूचिता एसोशिएल द्वारा लगभग 151 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित किया गया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि प्रदेश के विकास व गरीबों के उत्थान और युवाओं को रोजगार देने के लिये संकल्पित माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की डबल इंजन की सरकार तेजी से काम कर रही है और लोगों को न केवल सरकारी विभागों में नौकरी बल्कि प्रदेश में भारी निवेश को आकर्षित करके रोजगार के नए-नए अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है। नगर पंचायत अध्यक्ष मानधाता बादल पटेल ने कहा कि उ0प्र0 कौशल विकास मिशन योजना से महिलायें भी प्रशिक्षण लेकर रोजगार/स्वरोजगार में नियोजित होकर बेहतर जीवन-यापन कर रही हैं तथा परिवार की आर्थिक मदद करते हुये आत्मनिर्भर बनकर महिला सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हैं। कार्यक्रम आयोजक नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई/जिला समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन बी0बी0 सिंह ने कहा कि उ0प्र0 कौशल विकास मिशन भारत सरकार व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इस योजना के माध्यम से युवाओं को विभिन्न टेज्डों में प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही है। अच्छे कामगारों को अनुभव प्राप्त करने के बाद नियोक्ता कम्पनी उन्हें एवं उनके परिवार को बेहतर जीवनयापन हेतु अनेक सुविधायें भी उपलब्ध कराती है। अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम आयोजन में वंदना सिहि, मृत्युंजय पाण्डेय जिला कौशल प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक रवीन्द्र पाण्डेय, राजकीय आईटीआई के स्टाफ मनोज सिंह, नागेन्द्र सिंह, डा0 रमेश अग्रहरी व उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के स्टा व अन्य सम्बन्धित तथा समस्त प्रशिक्षण प्रदाता व नियोक्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सियाराम उमरवैश्य का चिलबिला में हुआ भव्य स्वागत, अयोध्या के लिए हुए रवाना

महादानी सियाराम चाचा ने एक करोड़ दान देकर बढ़ाया जिले का नाम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रभु श्री राम जी के भव्य मंदिर निर्माण में एक करोड़ दान देने वाले महादानी सियाराम उमरवैश्य को 22 जनवरी को प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था। आज समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में सीताराम धाम से सुबह स्वागत कर गाजे बाजे के साथ श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में लाकर भव्य स्वागत किया गया। हनुमान मंदिर में स्वागत समारोह में माननीय सांसद संगम लाल गुप्ता ने सियाराम उमरवैश्य का भव्य स्वागत व माल्यार्पण कर अयोध्या के लिए रवाना किया।

महादानी सियाराम जी ने श्री हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर आरती की। रोशनलाल उमरवैश्य एवं हनुमान भक्तों ने सियाराम उमरवैश्य जी के चरण पखार कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति के महासचिव रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि चाचा सियाराम उमरवैश्य जी प्रभु श्री राम जी के मंदिर निर्माण में एक करोड रुपए देकर अपना जीवन धन्य कर लिया साथ ही जिले प्रदेश देश और उमरवैश्य समाज का भी मान बढ़ाया है। जिससे हम सब आज अपने आप को गौरवान्वित समझ रहे हैं। आज जिले के प्रबुद्ध लोगों व चिलबिला हनुमान मंदिर के भक्तों ने भव्य स्वागत कर पांव पखार कर आशीर्वाद लिया। चाचा जी 2 दिन पहले जाने वाले थे हमारे अनुरोध पर चिलबिला हनुमान मंदिर पर श्री राम चरण पादुका स्वागत में शामिल हुए और आज स्वागत कर उनको अयोध्या के लिए रवाना किया गया। महादानी सियाराम उमरवैश्य ने कहा कि प्रभु श्री राम जी हमें अपने साथ जोड़ लिए मैं बहुत ही भाग्यशाली हूं। 2018 में जब दान दिया था शायद सबको विश्वास नहीं रहा होगा कि हमारे दिए रुपए मंदिर बनने के काम आएगा। क्योंकि कोर्ट का फैसला उस समय नहीं हुआ था। आज हमारी हर मनोकामना पूरी हो रही है आज रोशनलाल उमरवैश्य के द्वारा इतना बड़ा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया मैं प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना करता हूं कि इनके ऊपर अपनी कृपा बनाए रखें। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, सूरज उमरवैश्य, रामगोपाल, सत्य प्रकाश केडिया, प्रमोद कुमार, छेदीलाल, राम अजोर वैद, सोनू महाराज, शनि महाराज, आशीष कुमार, सूरज, आदर्श कुमार, देवानंद, संतोष कुमार, डॉ0 वी0पी0 सिंह, राजेश बहादुर सिंह, डॉ0 के0 एम0 सिंह, त्रिभुवन लाल, विवेक कुमार, अमन गुप्ता, श्याम बाबू, राकेश कुमार, विजय बाबू, प्रभात कुमार आदि उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर चिलबिला में सियाराम उमरवैश्य का स्वागत करते लोग।

प्रधान को जमकर पीटा, दस पर दर्ज हुआ मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने प्रधान के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गुनई शुक्ल का पुरवा बासूपुर गांव निवासी देवेन्द्र शुक्ल पुत्र स्व. विश्वनाथ शुक्ल ग्राम प्रधान है। पीडित का आरोप है कि सोलह जनवरी को दोपहर लगभग तीन बजे गांव के देवेन्द्र शुक्ल व राहुल शुक्ल पुत्रगण स्व. बृजकिशोर शुक्ल तथा बाल गोविंद व बृजभूषण पुत्रगण हरिनारायण शुक्ल व नितेश पुत्र बृजनाथ शुक्ल पांच अन्य अज्ञात साथियों के साथ गांव में उसके पास पहुंचे और गाली देने लगे। प्रधान के विरोध करने पर आरोप है कि लोगों ने उन्हें लाठी डण्डे व धारदार हथियार से मारने पीटने लगे।

जिले के छह साहित्यकारों ने बढ़ाया जिले का गौरव

राष्ट्रीय काव्य संग्रह नायाब मोती में छपी परिचय सहित रचनाएं

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। साहित्यकारों का मनोबल बढ़ाने के लिए सृजना कुटीर, अजीतनगर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त उपलब्धियों के लिए अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी समाजसेवी आनन्द मोहन ओझा तथा एंजिल्स की प्रबंधक शिक्षाविद डॉ. शाहिदा व अन्य प्रबुद्धजनों ने सभी साहित्यकारों डॉ. दयाराम मौर्य रत्न, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री व अमर नाथ गुप्ता बेजोड़ को सृजनाकुटीर, अजीतनगर में सम्मानित किया और उपलब्धियों का बखान किया।

सम्मान समारोह में मौजूद साहित्यकारगण।

गौरतलब है कि साहित्य कलश पब्लिकेशन पटियाला पंजाब के संस्थापक सागर सूद ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित कविताओं का संग्रह नायाब मोती में प्रतापगढ़ जिले के छह साहित्यकारों को श्रेष्ठता के आधार पर प्रकाशित किया है। सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह भी भेंट किया है। सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. शाहिदा ने कहा कि साहित्य जगत में बेल्हा के कवियों ने अपने लेखन का लोहा मनवाया है। निरंतर मिलने वाली इन उपलब्धियों से जनपद का गौरव बढ़ा है। मुख्य अतिथि आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि प्रतापगढ़ के ये साहित्यकार बहुत प्रतिभाशाली हैं। विविध विधाओं में लिखकर जिले का दुनिया में नाम रोशन कर रहे हैं। इनका प्रोत्साहन किया जाना चाहिए। संचालन युवा साहित्यकार अनिल कुमार निलय ने किया। इस अवसर पर प्रबुद्धजन राकेश कनौजिया, सिद्धांत शेखर आदिक उपस्थित थे।

पूर्व प्रधानाचार्य नरेन्द्र बहादुर सिंह का हुआ निधन, जताया गया शोक

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य नरेन्द्र बहादुर सिंह 75 का गंभीर बीमारी के चलते शुक्रवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान पूर्व प्रधानाचार्य के निधन की जानकारी मिलते ही लोगों में शोक छा गया। विद्या निकेतन इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य सुरेश सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा में स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर विद्यालय में अनाध्याय हो गया। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पूर्व प्रधानाचार्य नरेन्द्र बहादुर सिंह को शैक्षिक मूल्यों का मजबूत स्तम्भ ठहराते हुए उनके निधन को शैक्षिक एवं सामाजिक परिवेश के लिए अपूर्णनीय रिक्तता कहा है। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी पूर्व प्रधानाचार्य नरेन्द्र बहादुर सिंह के निधन को दुःखद ठहराया है।

पीबीपीजी कालेज में आयोजित की गई इतिहास ज्ञान परीक्षा

प्रथम तीन स्थान पाने वाले का किया जाएगा पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी प्रांत के तत्वावधान में प्रतापगढ़ इकाई के संयोजन में पीबीपीजी कालेज सिटी में शुक्रवार को इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता से इतिहास में विद्यार्थियों के ज्ञान की परख की गई।

प्राचार्य प्रो0 अमित कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में परीक्षा कराई गई। गेट पर सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. बृजभानु सिंह ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में इतिहास के ज्ञान की परख करना है। प्रो.रामराज ने कहा कि भारतीय इतिहास सबसे प्राचीन है। हम सभी यहां के मूल निवासी हैं। इसकी बेहतर जानकारी के लिए समय-समय पर इतिहास जुड़ी गतिविधियां कराई जाती हैं। परीक्षा समन्वयक जिला महिला इतिहासकार अध्यक्ष डा.अमृता सिंह ने बताया कि प्रथम तीन स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रो0 ब्रह्मानन्द सिंह, रश्मि सिंह, डा.राजीव कुमार सिंह, नीरज पांडेय, डा.भावना सिंह, डा. प्रीति श्रीवास्तव, डा. देवेश सिंह आदि शिक्षकों की मौजूदगी में परीक्षा कराई गई।

इतिहास ज्ञान परीक्षा का निरीक्षण करते शिक्षकगण।

मंडलायुक्त की समीक्षा बैठक में कई अधिकारियों को फटकार तो कई के रोके गए वेतन

अखंड भारत संदेश

ओवरलोडिंग एवं बालू अवैध खनन के विरुद्ध नियमित रूप से प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दे गए मंडलायुक्त

प्रभारी मंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की मंडलायुक्त ने की विस्तृत समीक्षा

कौशाम्बी। प्रभारी मंत्री द्वारा दिनांक 07 सितम्बर 2023 को की गई समीक्षा बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति की मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने उदयन सभागार में विस्तृत समीक्षा कीड्भारी मंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने निमार्णाधीन राजकीय महाविद्यालय, सिराथू में सड़क एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का कार्य धीमा पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय सांरई खुर्द में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य अभी तक पूर्ण न कराये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दियें। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल एवं झटपट पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दियें। उन्होंने सहायक अभियंता आरईडी सौरभ चतुवेर्दी, मत्स्य विकास अधिकारी सुनील कुमार एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी महंथ प्रजापति के बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी प्रकट करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दियें। बैठक में आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान सीएमओ ने बताया कि 691084 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 500492 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें है, जिस पर मण्डलायुक्त ने अवशेष लाभार्थियो के गोल्डेन कार्ड तेजी से बनाये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत शेष रह गये आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने तथा शेष रह गये विद्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को ओवर लोडिंग एवं अवैध खनन के विरूद्ध नियमित रूप से प्रभावी कार्यवाही करने के भी निर्देश दियें। बैठक में अधिशासी अभियंता, सिंचाई ने बताया कि जनपद के समस्त नहरों में टेल तक कृषकों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करा दिया गया है, जिस पर मण्डलायुक्त ने सत्यापन कराने के निर्देश दियें। बैठक में अधिशासी अभियंता, लो0नि0वि0 ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लक्षित सड़कों की नवीनीकरण के समस्त 60 कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा नव-निर्माण कार्य को इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण कर लिया जायेंगा, जिस पर मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी को नवीनीकरण कराये गये सड़कों का सत्यापन करवाने के निर्देश दियें। बैठक में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि सोलर फोटोवोल्टोइक इरीगेशन पम्प योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 205 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, कृषकों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा है, जिस पर मण्डलायुक्त ने कार्यवाही पूर्ण कराकर पात्र कृषको को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दियें। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि सहभागिता योजनान्तर्गत गोवंशां की सुपुर्दगी के लिए लक्ष्य 1504 के सापेक्ष 1421 गोवंशां की सुपुर्दगी करायी जा चुकी है, जिस पर मण्डलायुक्त ने अवशेष लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दियें। मण्डलायुक्त ने कहा कि दिनांक 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शासनादेशानुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय। मन्दिर परिसरों की साफ-सफाई एवं सजावट का कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि व्यापार मण्डल के साथ बैठक कर नगरों में लाइटिंग एवं सजावट का कार्य किया जाय।इसी प्रकार गॉवों में भी सजावट एवं लाइटिंग के कार्य करायें जाय इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं सीएमओ डॉ. सुषेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

प्लास्टिक एवं टायर जलाने से उठने वाले धुएं से लोग परेशान

कौशांबी। जनपद मुख्यालय में ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था न होने पर प्लास्टिक वा टायर जलाएं जा रहे हैं प्लास्टिक और टायर से उठने वाले इस धुँआ से लोगों का दम घुट रहा है जानलेवा इस धुंए पर अभी तक पुलिस और अधिकारियों ने कार्यवाही नहीं की है किसानों के पराली जलाने पर सरकार रोक लगाकर किसानों से जुमार्ना वसूल रही है जबकि जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड में होंडा एजेंसी के पास खुलेआम मुख्य सड़क पर सार्वजनिक स्थल पर बीते एक महीने से पुराने टायर और प्लास्टिक जलाकर एक कबाड़ी द्वारा प्रतिदिन वातावरण को दूषित किया जा रहा है टायर व प्लास्टिक के जलने से उठने वाले दूषित धुँआ से आसपास के लोग परेशान हैं लेकिन कबाड़ी से पुलिस की नजदीकी के चलते कबाड़ी पर पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। पुराने टायर और प्लास्टिक जलाने से उठने वाले धुँआ से लोगों का दम घुट रहा है लोग दमा के मरीज हो रहे हैं लेकिन उसके बाद नूरी कबाड़ी की दुकान में पुराना टायर और प्लास्टिक जलाकर वातावरण को प्रदूषित करने के मामले में अभी तक प्रदूषण रोकने की कोशिश पुलिस और अधिकारियों द्वारा नहीं की गई है दूषित घुआ फैलाने वाले नूरी कबाड़ी के कारनामो को संज्ञान लेकर अधिकारियों को नूरी कबाड़ी पर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है लेकिन महीनों से प्रदूषित धुआं उठने के बाद अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है जिससे प्रदूषण मुक्त वातावरण की बात करने वाले अधिकारियों के कार्य उजागर हो रहे हैं इलाके के लोगों ने प्रदूषण फैलाने वाले नूरी कबाड़ी पर कार्यवाही की मांग आला अधिकारियों से की है।

कड़ाके की ठंड में ठिठुर रही जिले की गरीब जनता

महगांव कौशांबी। कड़ाके की ठंड से आम जनमानस ठिठुर रहा है। लेकिन प्रशासन की ओर से अलाव के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं मूरतगंज, इमामगंज, महगाव, तेरहमील, काजीपुर, कोइलहा, और पूरामुफ्ती जैसे खास खास चौराहों पर भी प्रशासन द्वारा अलाव नहीं जलवाए गए हैं जबकि इन प्रमुख चौराहा पर लोगो की भीड़ भाड़ रहती है। बीते 15 दिन से कड़ाके की ठंड से लोगो को ठिठुरते हुए इस क्षेत्र में देख कर प्रशासन आंख बंद कर लेती हैं। बीते कई दिनों से आसमान में बादल छाए रहने के कारण धूप नही निकल रही है और हांड कपा देने वाली ठंड अधिक बढ़ गई है। इस कारण इन प्रमुख स्थानों पर लोग ठिठुरते देखे जाते है इस क्षेत्र में कई पुलिस थाने पुलिस चौकी बस स्टॉप टेम्पो अड्डे सहित कई सार्वजनिक स्थान भी है लेकिन सार्वजनिक स्थान पर भी अलाव जलाए जाने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से नहीं हो सकी है वहीं लोगो की दिनचर्या भी अस्त रही। शुक्रवार को जहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा तो वही न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। पिछले कई दिनों से सूर्य के दर्शन नही हुए और पूरे दिन हांड कपाने वाली कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड और कोहरे के चलते कानपुरझप्रयागराज जीटी रोड पर वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई और इस मार्ग पर मूरतगंज से पूरामुफ्ती तक कई मार्केट चौराहे और भीड़ भाड़ वाले स्थान पड़ते हैं इस सभी जगहों पर कही भी अलाव जलाए जाने की कोई व्यवस्था अभी तक नही हो सकी है शासन प्रशासन और स्थानीय प्रशासन की ठंड से राहत और बचाव में अलाव की व्यवस्था हवा हवाई हो गई है। अलाव खाली सरकारी रिकार्ड में जलाए जा रहें हैं। जमीनी हकीकत कुछ और है। सरकारी कार्यालयों में अधिकतर आधिकारी कर्मचारी हीटर लगा कर रखते हैं इस लिए आम जनमानस के दर्द को यह महसूस कहा से करे। चौराहों से लेकर मार्केट तक कही भी नजर दौड़ाइए तो अलाव की आंच धरातल पर नहीं दिख रही है। मूरतगंज, काजीपुर और अन्य स्थानों बाजारों में रोजमर्रा कमाने खाने वाले दुकानदार फेरी वाले ऑटो रिक्सा चालक, राहगीर टायर, रद्दी, पुराने कपड़ों, कबाड़ प्लास्टिक व बोरों बोरी जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। लोगो से बात करने पर पता चलता है की इन स्थानों पर कही भी अलाव की व्यवस्था नही की गई खुद ही अपने लिए व्यवस्था करनी पड़ती है। उक्त सभी चौराहों बाजारों कस्बों गावों में हर जगह लोग ठंड से ठिठुरते नजर आ रहे हैं। रोड किनारे राहगीर, अस्पतालों समेत भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था नही है। लोग रद्दी कबाड़ व टायर जला कर शरीर को गरम करने की कोशिश कर रहे है और प्रशासन को जम कर कोस रहे हैं। वही ग्रामीण क्षेत्रों में तो अलाव के नामो निशान देखने को नहीं मिलेगे लेकिन फिर भी सरकारी नुमाइंदे अलाव जलाए जाने का ढिंढोरा पीट रहे हैं।

मूरतगंज से पूरामुफ्ती तक जीटी रोड किनारे के कई गावों के चौराहों पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं

ठंड लगने से अधेड़ की मौत

महेवाघाट कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील के महेवाघाट थाना अंतर्गत अलवारा गांव में 18 तारीख की रात को राजकुमार उम्र 55 वर्ष पुत्र भैकूलाल प्रजापति की ठंड लगने से मौत हो गई अधेड़ की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है और मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई है परिवार के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है गरीबी झेल रहे अधेड़ के घर में ठंड से बचाव के पर्याप्त संसाधन नहीं थे लेकिन सरकार द्वारा अलाव जलाए जाने और कंबल वितरण की व्यवस्था का लाभ जीवित रहते मृतक को नहीं मिल सका था।

सैकड़ो करोड़ का बजट मिलने के बाद अधिग्रहित जमीन का किसानों को नहीं मिल रहा मुआवजा

कलेक्ट्रेट के एक कर्मी के रिश्तेदार नातेदार मुआवजे की रकम में किसानों से कर रहे हैं कमीशन खोरी

कौशाम्बी। रामवन गमन मार्ग के निर्माण में कलेक्ट्रेट के कर्मचारी बाधक बन रहे हैं जिससे रामवन गमन मार्ग निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई किसानों की जमीनों का उन्हें मुआवजा नहीं मिल रहा है जिससे किसान राम वन गमन मार्ग में अपनी जमीन पर कार्यदाई संस्था को कब्जा देने को तैयार नहीं है जिससे कार्यदायी संस्था के अधिकारी भी राम वन गमन मार्ग के निर्माण में विलंब से चिंतित दिखाई पड़ रहे हैं कलेक्ट्रेट कर्मचारियों द्वारा किसानों को समय से मुआवजा न दिए जाने से राम वन गमन मार्ग का निर्माण अभी शुरू नहीं हो सका है जो बड़ी चिंता का विषय है जबकि सैकड़ो करोड़ का बजट किसानों को मुआवजा देने के लिए सरकार ने कौशांबी भेज दिया है लेकिन लगभग 20 प्रतिशत किसानों को अभी तक कलेक्ट्रेट कर्मचारियों द्वारा मुआवजे की रकम उनके खाते में नहीं भेजी गई है। बताया जाता है कि किसानों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देने में कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिससे किसानों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है बताया जाता है कि कलेक्ट्रेट में तैनात एक कर्मचारी का रिश्तेदार कंप्यूटर ऑपरेटर है तो उनका साला इस कार्यालय में बाबू गिरी करता है इतना ही नहीं कलेक्ट्रेट कर्मचारी का बेटा एचडीएफसी बैंक में कार्यरत है जो किसानों के मुआवजे की रकम के पहले बैंक की पॉलिसी लेने का किसानों पर दबाव बना रहा है जो किसान एचडीएफसी बैंक की पॉलिसी लेने की तैयार हैं उन्हें मुआवजे की रकम उनके खाते में भेज दी जाती है और जिन किसानों ने एचडीएफसी बैंक की पॉलिसी लेने से इनकार कर दिया उन पर तमाम तरह के दबाव बनाए जाते हैं उनके अधिग्रहित भूमि की मुआवजे की रकम उनके बैंक खाते में भेजने में तरह-तरह से ड्रामेबाजी की जाती है जिससे किसानों को समय से मुआवजा नहीं मिल रहा है और कार्यदायी संस्था को जमीन पर कब्जा देने को किसान तैयार नहीं है बताया जाता है कि किसानों के मुआवजे में सौदेबाजी के लिए देर रात तक यह कार्यालय खुला रहता है जिसकी पुष्टि कलेक्ट्रेट में लगे सीसीटीवी कैमरे कर रहे हैं आंकड़ों पर गौर करें तो 2000 करोड रुपए कै इस प्रोजेक्ट में लगभग 400 करोड रुपए का किसानों के अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिया जाना है लेकिन अभी तक लगभग 20 प्रतिशत किसानों को उनके अधिग्रहित भूमि का मुआवजा उन्हें नहीं मिल सका है कलेक्ट्रेट कर्मचारी और उनके रिश्तेदार नातेदार के इन कारनामों को संज्ञान लेकर आला अधिकारियों को उन पर कठोर कार्रवाई करते हुए किसानों के अधिग्रहित भूमि का मुआवजा उन्हें दिलाए जाने की पहल करनी होगी जिससे रामवन गमन मार्ग का निर्माण शीघ्र शुरू हो सके।

शोभा यात्रा और सुंदर काण्ड के पाठ की तैयारी में जुटे विजिया के व्यापारी बंधु

तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी भगवान श्री राम मंदिर अयोध्या मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर विजिया चौराहा से ऐतिहासिक कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम जोटका कौशाम्बी तक विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में विजिया चौराहा के समस्त व्यपारी बंधु और क्षेत्रवासियों के सहयोग से 21 जनवरी रविवार को भव्य शोभा यात्रा विजिया चौराहा से कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम तक निकाली जायेगी तथा 22 जनवरी सोमवार को कौशबेश्वर संकट मोचन आश्रम में सुंदरकांड का पाठ और प्रसाद वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक जय मां भवानी जरनल स्टोर अजय अग्रहरि, वैष्णव किराना स्टोर प्रद्युम अग्रहरि, कौशिक अग्रहरि, रोहित मिश्र, राजू केशरवानी, रिंकू केशरवानी, जगत नारायण अग्रहरि, सुभम केशरवानी, मोहन लाल सेन, राहुल अग्रहरि, विकास अग्रहरि सहित समस्त विजिया चौराहा के व्यापारी बंधु एवं क्षेत्र वासियों का इस धार्मिक कार्यक्रम में सहयोग होगा।

कौशांबी में प्रतिभा की नहीं है कमी

केपीएस स्कूल भीटी के कक्षा 8 के छात्र अनंत केसरवानी ने कागज और गत्ता की मदद से खड़ा कर दिया भगवान श्री राम का मंदिर

कौशाम्बी जिले में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है जिन बच्चों के अंदर प्रतिभा है उन्हें मौका दिए जाने की जरूरत है केपीएस स्कूल भीटी में कक्षा 8 में पढ़ने वाले छात्र अनंत कुमार केसरवानी उर्फ कान्हा पुत्र मदन कुमार केसरवानी निवासी मनौरी बाजार महमूदपुर ने गजब की कलाकारी दिखाई है देखने वाले दंग रह गए हैं अयोध्या में मोदी सरकार द्वारा प्रभु श्री राम की मंदिर बनवाई जा रही है अयोध्या मंदिर के तर्ज पर छात्र अनंत कुमार केसरवानी ने प्रभु श्री राम की मंदिर का निर्माण कागज और गत्ता के सहारे अपने हाथों से कर दिया है छात्र ने प्रतिज्ञा की है कि कागज और गत्ता से बनाया जा रहा प्रभु श्री राम का यह मंदिर 22 जनवरी के पहले बन कर तैयार कर दिया जाएगा छात्र का हौसला इस कदर बढ़ा हुआ है कि उसका कहना है कि 22 जनवरी को इसी मंदिर में पूजा अर्चना भव्य तरीके से किया जाएगा छात्र द्वारा बनाई गई प्रभु श्री राम की मंदिर को देखकर छात्र की प्रतिभा का अंदाजा लगाया जा सकता है वरिष्ठ भाजपा नेता शंभू लाल केशरवानी ने कहा कि गजब की प्रतिभा रखने वाले अनंत कुमार इस छात्र को आगे बढ़ने का मौका देना होगा यह होनहार छात्र जिले का नाम रोशन कर सकता है।

श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अझुवा पुलिस ने किया पैदल गस्त

अझुवा कौशाम्बी श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अयोध्या एवं गणतंत्र दिवस की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना सैनी की अझुवा चौकी पुलिस बल द्वारा शुक्रवार को चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में चौकी क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया पैदल भ्रमण के दौरान चौकी पुलिस ने आम जनमानस से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग पुलिस टीम द्वारा की गई और निर्देशित किया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर सड़क की पटरी और सड़कों पर वाहनों को खड़ा ना करें यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में लोगों से उन्होंने सहयोग की अपील की है।

आबादी के बीच कूड़ा एकत्रित कर गरीबों को मौत देने में लगा है करारी नगर पंचायत प्रशासन !

स्वच्छता बहाल करने के लिए नगर पंचायत करारी के अधिकारियों से गरीब बस्ती के लोगों ने कई बार अपील की

कौशाम्बी एक तरफ केंद्र और प्रदेश सरकार स्वच्छता अभियान चलाए जाने पर जोर दे रही है दूसरी तरफ नगर पंचायत करारी प्रशासन गरीब बस्ती गुलाम नूर का पूरा के बीच कूड़ा एकत्रित कर गंदगी फैला रहा है जिससे गरीब बस्ती के बीच भयंकर बीमारियां फैल रही है और लोगों का कहना है कि नगर पंचायत करारी प्रशासन गरीब बस्ती के लोगों को मुफ्त में मौत बांट रहा है स्वच्छता बहाल करने के लिए नगर पंचायत करारी के अधिकारियों से गरीब बस्ती के लोगों ने कई बार अपील की है लेकिन गरीब बस्ती के लोगों की अपील पर नगर पंचायत को कोई फर्क नहीं पड़ा है। गरीब बस्ती के बीच कूड़ा एकत्रित किए जाने के बाद गुलाम नूर का पूरा में रहने वाले समुदाय को बढ़ती चिंता का सामना करना पड़ा है, करारी से बैगावां रोड पर मुन्ना विश्वकर्मा के घर के सामने, गुलाम नूर का पूरा के पास का क्षेत्र दुर्भाग्य से टाउन एरिया करारी के लिए कूड़ा करकट एकत्रित करने का अवैध डंपिंग हॉटस्पॉट बन गया है, जिससे एकत्रित कचरे में दिनोदिन वृद्धि हुई है। लोगों का कहना है कि जहां एक तरफ गाँव का सुरम्य आकर्षण खतरे में है वही कूड़े से उठने वाली दुर्गंध बैक्टीरिया कीटाणु के चलते गंभीर बीमारियां फैल रही है और नगर पंचायत गरीब बस्ती के लोगों को मुफ्त में मौत बांट रहा है। गरीब बस्ती के लोगों का कहना है कि नगर पंचायत प्रशासन की जन विरोधी नीति इस कदर नगर क्षेत्र में हावी है कि गरीब बस्ती के तलरी के पास कूड़े का ढेर लगा दिया गया है। यह न केवल उस प्राकृतिक सुंदरता को धूमिल करता है जो हमारे समुदाय को परिभाषित करती है, बल्कि पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती है। अनियंत्रित कूड़ा डंपिंग के परिणाम क्षेत्र के भद्दे स्वरूप से कहीं आगे तक फैले हुए हैं। हानिकारक पदार्थ मिट्टी और पानी में घुलकर हमारे पारिस्थिति की तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं। बीमारियों के फैलने की संभावना और हवा की गुणवत्ता से समझौता एक वास्तविक चिंता का विषय है। गुलाम नूर का पूरा के निवासियों ने बढ़ती कचरे की समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की है। लोगो ने कहा कि हमारे गाँव की सुंदरता और शांति हमारी पहचान का अभिन्न अंग हैं और उन्हें संरक्षित करना एक सामूहिक प्रयास होना चाहिए। आज, हम इस मुद्दे को कार्रवाई के आह्वान के साथ संबोधित करते हैं, प्रभावित क्षेत्र में प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना महत्वपूर्ण है लेकिन नगर पंचायत प्रशासन इस गम्भीर समस्या से पूरी तरह से जानबूझकर अनजान बना हुआ है।

न्यूज झरोखा

अधिशासी अधिकारी, चेयरमैन ने सफाई कर्मियों को बांटे स्वेटर

37 पुरुष सफाई कर्मी, 10 महिला सफाई कर्मियों 2 सफाई मेठ 1 सफाई नायक को स्वेटर दिया गया

अझुवा कौशांबी। कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पंचायत अझुवा के सफाई कर्मियों को नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह के द्वारा स्वेटर वितरण कर ठंड से राहत देने की कोशिश की गई है इस अवसर पर 37 पुरुष सफाई कर्मी,10 महिला सफाई कर्मियों 2 सफाई मेठ ,1 सफाई नायक को स्वेटर दिया गया है चेयर मैन शांती देवी कुशवाहा ने कहाङ्कि हमारे नगर के सफाई कर्मी सुबह की कड़ाके की ठंड में उठकर सफाई करने का काम करते हैं उनके कार्यों को देखते हुए सभी सफाई कर्मियों को ऊनी स्वेटर प्रदान किया गया है। सफाई कर्मियों ने स्वेटर पाकर खुशी जाहिर की और अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।मौके पर नगर पंचायत के सभी सभासद ,वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

क्षेत्राधिकारी चायल ने की वाहनों की चेकिंग

हर्रायपुर कौशाम्बी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज चौराहे पर चायल क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी वा थाना प्रभारी भुवनेश चौबे ने वाहन चेकिंग लगा कर कई गाड़ियों के हूटर व चेकिंग के दौरान काली पन्नी ब्लैक फिल्म निकलवाया व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया गया तथा ऑटो विक्रम वालों को ऑटो स्टैंड से सवारी बैठाने निर्देश क्षेत्राधिकारी ने दिए हैं वाहन चेकिंग के दौरान अधिक मात्रा में वाहनों का चालान किया गया इस मौके पर मूरतगंज चौकी प्रभारी अवध राज यादव मौजूद रहे।

डिजिटल क्रॉप सर्वे योजनान्र्तत शीघ्र सर्वे कार्य शुरू कराने के दिये निर्देश

अपर जिला अधिकारी ने कोडर का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों से प्राप्त की जानकारी

कौशाम्बी अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने शुक्रवार को उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी एवं अपर जिला सांख्यकीय अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा के साथ डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना अन्तर्गत ग्राम कोडर का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए पूरे जनपद में शीघ्र सर्वे कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद कौशाम्बी में कुल 298346 किसानों का लक्ष्य रखा गया है एवं 108 गॉवो में सर्वे कार्य शुरू हो गया हैं, कुल किसानों के सापेक्ष 16.82 प्रतिशत की प्रगति सुनिश्चित कर लिया गया है। 10 गॉवों में सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। अभी तक कुल 12342 खसरों का सर्वे किया गया हैं। 135 सर्वेयर इस कार्य में लगें हुए हैं। सर्वे कार्य से कृषकों को व्यापार करने तथा बीमा का लाभ व केसीसी लेने तथा फसलों का मूल्य प्राप्त करने में लाभ मिलेंगा।

दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत तीन लहूलुहान

कोखराजकौशाम्बी कोखराज क्षेत्र के बाबा टी वी एस एजेंसी के आगे सड़क पर तेजगति दो बाइक सवार आमने सामने आपस में टकरा गए हैं टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े इस हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति राहगीर सहित तीन लोग लहूलुहान हो गए हैं बताया जाता है कि राहगीर की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक सन्दीप पुत्र राकेश बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही वह बाबा टीवीएस चौराहा के पास पहुंचे दूसरी बाइक सवार से वह टकरा गए हैं हादसा इतनी जोरदार था कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं इस हादसे में विनोद पुत्र सवारे निवासी परसरा वा सन्दीप सहित एक राहगीर लहूलुहान हो गए हैं दो बाइक की टक्कर में घायल राहगीर की हालत गंभीर बताई जाती है हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य में जुट गए हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर चौकी प्रभारी सन्तोष चौरसिया भी घटनास्थल पर पहुँच गए और तत्काल 108 नम्बर एम्बुलेंस को फोन कर मौके पर बुलाया और गम्भीर हालत में घायल एक ब्यक्ति को एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा गया सड़क से गुजर रहे पूर्व विधायक लाल बहादुर भी घटनास्थल पर हादसा देखकर रुक गए।

प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए महाराष्ट्र से निकली पैदल यात्रा पहुँची कौशाम्बी

कौशाम्बी अयोध्या में प्रभु श्री राम की मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र से 10 दिसंबर को राम सेना फाउंडेशन कब70 लोगो का समूह अयोध्या में श्रीराम के दर्शन के लिए पैदल निकले हैं जो बृहस्पतिवार को चित्रकूट होते हुए कौशाम्बी पहुँच गए है जिसका सरसवां में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शुभम करवरिया ने स्वागत किया फिर सभी को सरसवां ब्लाक परिसर में रात्रि विश्राम की सुचारू व्यवस्था कराई। शुक्रवार सुबह हवन पूजन कर महाराष्ट्र से निकले प्रभु श्री राम के भक्त फिर अपनी यात्रा में निकल गए यात्रा के संचालक नागा बाबा ने बताया कि यात्रा 22 जनवरी को अयोध्या पहुँचकर प्राण प्रतिष्ठा के दिन रामलला के दर्शन प्राप्त करने की इच्छा है।यात्रा में किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए यात्रा के साथ साथ हिनौता चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार दुबे मौजूद रहे

कालका मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विकास खंड कौशाम्बी के कायमपुर में स्थिति सिद्ध पीठ कालका माता के मंदिर में भाजपा युवा मोर्चा मंडल कौशाम्बी के अध्यक्ष रोहित मिश्र भाजपा जिला प्रतिनिधि संजय शुक्ला और सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने स्वच्छता अभियान चला कर साफ सफाई अभियान चलाया जिसमे भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि, इंद्रजीत सिंह,मोहन लाल सेन,मनीष विश्वकर्मा,कल्लू विश्वकर्मा, अंकित केशरवानी,अंकुर केशरवानी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

संपादक की कलम से

सनातनी सत्य और आध्यात्मिक विचारधारा

भारतवर्ष सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता है और अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता रहा है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी। किसी भी देश के नागरिक को एक दिन में सच्चरित्र नहीं बनाया जा सकता बल्कि बालकों को बाल्यकाल से ही नैतिक शिक्षा से शिक्षित किया जाकर सदाचार का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। यह सर्वविदित है कि मनुष्य के चरित्र और व्यक्तित्व पर देश परिस्थितियां शिक्षा और समाजिक व्यवहार का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और नैतिकता सदाचार का पाठ किसी भी व्यक्ति को एक दिन में नहीं पढ़ाया जा सकता है। दुष्ट चरित्र पुरुष समाज में कभी भी प्रसिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता सदैव अपनी बदनामी के कारण सिर झुका कर छुप कर घूमता है, इसीलिए भारतीय चिंतकों, मनीषियों ने लिखा और कहा है की चरित्र सदाचार की रक्षा मनुष्य को संपूर्ण प्रयास कर निरंतर करते रहना चाहिए। क्योंकि नागरिकों का नैतिक और सदाचारी स्वभाव और व्यवहार राष्ट्रीय संपत्ति होता है और यही संपत्ति राष्ट्र को एक सशक्त राष्ट्र और उत्कृष्ट देश बनाने में सदैव सहायक होता है। आध्यात्मिक शिक्षा सदाचार सद्गुण और चरित्र यह मनुष्य के बहुत ही महत्वपूर्ण आंतरिक तत्व हैं और इसी से मनुष्य का सकारात्मक व्यक्तित्व निर्मित होकर महान राष्ट्र की पृष्ठभूमि को अवलंबित करता है। देश का सद्गुणी सदाचारी सच्चरित्र व्यक्ति है देश को विकास की ओर सदैव ले जा सकता है एवं एक सशक्त राष्ट्र भी बनाने में मदद करता है। इसलिए अध्यात्म चरित्र तथा नैतिक शिक्षा को किसी भी राष्ट्र में प्राथमिकता देकर पुष्पित और पल्लवित किया जाना चाहिए।

देश में 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा लाइव देखने का वैश्विक रिकॉर्ड बन सकता है

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर शायद ही कोई ऐसा देश होगा जिसमें प्रभु श्रीराम का नाम ना लिया गया हो या कोई इसे नहीं जानता ना हो, यह मेरी मेरा अटूट विश्वास इसलिए भी है कि शायद ही ऐसा कोई देश होगा जहां मूल भारतीयों का वास नहीं हो और उस मूल भारतीय में प्रभु श्री राम के प्रति आस्था ना हो, क्योंकि प्रभु श्री राम कण कण में विराजमान है। भारत में 22 जनवरी 2024 का दिन 5 शताब्दियों से भी अधिक समय के बाद आ रहा है जब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी, क्योंकि दिनांक 18 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम को आसन पर विराजमान कर दिया गया है। अब बारी उनकी प्राणप्रतिष्ठा की जाएगी, पूजा और विधि विधान से प्रभु श्रीराम के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा जाएगी। यानें प्राण प्रतिष्ठा के बाद वह मूर्ति नहीं, बल्कि साक्षात प्रभु श्री राम जिसके विधि विधान से प्राण हग दिए गए हैं अदृश्य रूप से हाजरा हजूर हो जाएंगे यानी उनका मानवीय प्राण साक्षात मानवीय प्राण साक्षात हो जाएंगे इस पल की प्रतीक्षा मानवीय जीव पीडिया से कर रहा था कृपाल से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने के बाद अब यह अवसर आया है तो हम सबको मिलकर इस पल को ऐसा ऐतिहासिक सजीव चित्रण कर रखना है कि आने वाली सैकड़ो पीडिया में यह दिन की गाथा एक स्वर्ण गाथा बन जाए इसके लिए भारत के ही नहीं अपितु सारी दुनिया के सारी दुनिया में बसे मूल भारतीयों को अपना योगदान देना होगा अभी 18 जनवरी 2024 को देर शाम केंद्र सरकार ने 2.30 तक आधे दिन की छुट्टी घोषित की है जो मेरा मानना है की धार्मिकता के साथ पूर्ण इंसाफ नहीं है बल्कि पूरी छुट्टी की घोषणा करने की जरूरत को रेखांक आईटी किया जा सकता है इसके साथ ही मेरा एक विशेष सुझाव और निवेदन अन्य राज्य सरकारों केंद्र शासित प्रदेशों सरकारी गैर सरकारी संस्थान औद्योगिक व्यापारिक व्यावसायिक संस्थानों प्रतिष्ठान ऑन से के केंद्रीय संगठनों से अपील है के स्वेटर संज्ञान लेकर एक अपील जारी की जाए कि 22 जनवरी 2024 को सभी संगठन संस्थान बंद रखें ताकि वह स्वयं उनके उनके कर्मचारी इत्मीनान से प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को अपने घरों में बेफिक्र होकर लाइव देख सकें प्रभु श्री राम के दर्शन कर सके। जीवन का हर दिन तो हम जीते ही रहते हैं परंतु यह दुर्लभ दिन 22 जनवरी 2024 को हम अपने जीवन के अनमो दिन के रूप में अवकाश घोषित कर इसे स्वर्णिम दिन बनाएं उम्मीद है मेरी इस अपील को सभी संगठन स्वीकार करने को रेखांकित करेंगे। चूंकि प्रभु श्री राम 18 जनवरी 2024 को गर्भ ग्रह में अपने आसन पर विराजमान हो गए हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पांच शताब्दियों से इंतजार वाले दिन पर सरकारी गैर सरकारी औद्योगिक व्यापारिक व्यवसायिक संगठनों को पूर्ण अवकाश की घोषणास्वतः संज्ञान से करना समय की मांग है ।साथियों बात अगर हम सभी संस्थाओं संगठनों से 22 जनवरी 2024 को पूर्ण अवकाश करने के स्वत:संज्ञान अपेक्षा की करें तो, राम मंदिर जो पांच शताब्दियों के लंबे इंतजार के बाद पूर्ण हुआ है और जो बताता है कि विध्वंस से बड़ा पुननिर्माण होता है ।अपनी जन्मभूमि पर जो राम वर्षों तक टाट के नीचे रहे, अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में गर्भगृह के भीतर विराजमान हो चुके हैं। इंतजार अब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का है। श्रीराम के अपने मंदिर में पहुंचने की प्रतीक्षा करते करोड़ों भक्त अब अपने भावों को रोक नहीं पा रहे हैं।

गणतंत्र दिवस पर याद रखना इन बालवीरों को

आर.के. सिन्हा

हर साल जनवरी का महीने आते ही देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां अपने चरम पर पहुंच जाती हैं। राजधानी दिल्ली में तो गणतंत्र दिवस की तैयारियों बाकी जगहों से अधिक बड़े स्तर पर होती हैं क्योंकि राजधानी दिल्ली में ही गणतंत्र दिवस परेड निकलती है। उस परेड का हिस्सा वे बालवीर भी होते हैं, जिन्हें देश उनके साहस, सूझबूझ और शौर्य के लिए सम्मानित कर रहा होता है। वे जब राष्ट्रपति जी को सलामी देते हुए आगे बढ़ते हैं, तो कर्तव्यपथ (पहले राजपथ) में उपस्थित जनसमूह उनका हर्षध्वनि से स्वागत करता है। गणतंत्र दिवस परेड का 1959 से हिस्सा हैं बालवीर पुरस्कार विजेता। यह कुछ साल से खुली जीप में निकलने लगे हैं। हालांकि लंबे समय तक यह हाथियों पर सवार होते थे। पर मेनका गांधी के विरोध के बाद इन्हें हाथियों पर बैठाने की परंपरा को रोक दिया गया। बालवीर गणतंत्र दिवस परेड से दस दिन पहले राजधानी में आकर परेड की रिहर्सल में शामिल होते हैं। इसके अलावा, यह दोपहर और शाम को कभी राष्ट्रपति कभी, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, कभी दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल वायुसेना नौसेना और थलसेनाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिलते हैं। कभी लालकिला, पुरानाकिला, कुतुब मीनार, हुमायूँ का मकबरा जैसी ऐतिहासिक इमारतें और कभी फन एंड फूड विलेज जैसे मनोरंजक स्थल घूमते हैं। इन्हें राजधानी के फन एंड फूड विलेज के संस्थापक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी सरदार सेवा सिंह नामधारी बहुत सारे उपहार देते थे। उनके ना रहने के बाद भी बालवीरों का वहां सम्मानित किया जाता है।

गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले तक तो यह बालवीर खबरों में रहते हैं। यह अपने इंटरव्यू देते हैं और फिर यह ओझल हो जाते हैं। यह स्थिति कोई आदर्श नहीं मानी जा सकती। कोशिश तो ऐसी होनी चाहिए कि जिन्हें बालवीर पुरस्कार मिला, उन्हें उनके राज्यों की सरकारें जीवन में आगे बढ़ने के हर संभव अवसर दें। हमें पुरस्कार सांकेतिक रूप से नहीं देने चाहिए। ईमानदार कोशिश होनी चाहिए ताकि बालवीरों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलें। आमतौर पर इनका संबंध देश के सुदूर इलाकों में रहने वाले निर्धन परिवारों से ही होता है। इन्हें हर संभव प्रोत्साहन की दरकार होती है। यह सब देश के नौनिहाल होते हैं। इनके प्रति ठंडा रूख रखना गलत है। अब तक विभिन्न राज्यों से करीब एक हजार से भी अधिक बच्चों को राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। वर्ष 2018 के बाद से भारत सरकार का बाल विकास मंत्रालय स्वयं इन बच्चों का चयन करता है अब यह राष्ट्रीय पुरस्कार वीरता श्रेणी के अतिरिक्त खेल, मनोरंजन, विज्ञान अनुसंधान, आदि अन्य अनेक श्रेणियों में भी बाल प्रतिभाओं को दिए जाने लगे हैं।

अब देश में कितने लोगों को याद है कि पहला बालवीर पुरस्कार हरीश मेहरा नाम के बालक को मिला था। अब हरीश मेहरा करीब 80 साल के बुजुर्ग हो गए हैं। वे दिल्ली में ही रहते हैं। उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बचाया था। वह तारीख थी 2 अक्तूबर,1957। स्थान था दिल्ली का रामलीला मैदान। शाम के सात बजे थे। उस दिन हरीश मेहरा राजधानी के रामलीला मैदान में चल रहे एक कार्यक्रम के दौरान वलंटियर की ड्यूटी दे रहे थे। वीआईपी मेहमानों के लिए आरक्षित कुर्सियों पर पंडित नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, केन्द्रीय मंत्री बाबू जगजीवन राम वगैरह भी उपस्थित थे। तब ही उस शामियाने के ऊपर तेजी से आग की लपटें फैलने लगीं जिधर तमाम नामवर हस्ति?ां बैठीं थीं। वे तुरंत 20 फीट ऊंचे खंभे के सहारे उस जगह पर चढ़ने लगे जिधर आग लगी थी। उनके पास स्काउट का चाकू भी था। जिधर से आग फैल रही थी, वहां पर पहुंचकर उन्होंने उस बिजली की तार को अपने चाकू से काट डाला। इस सारी प्रक्रिया को अंजाम देने में मात्र पांच मिनट का वक्त लगा। उस शामियाने के नीचे बैठे तमाम आम और खास लोगों ने हरीश मेहरा के अदम्य साहस और सूझबूझ को देखा। पर इस दौरान उनके दोनों हाथ बुरी तरह से झुलस गए। उन्हें राजधानी के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन अस्पताल में उनका हालचाल जानने के लिए बाबू जगजीवन राम स्वयं आए। हरीश मेहरा को उनकी इस बहादुरी के लिए बालबीर सम्मान मिला। वे 26 जनवरी,1959 को गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बने। उनसे पहले यह सम्मान किसी को नहीं मिला था। उसके बाद उन्हें किसी ने याद नहीं रखा। वे सारी उम्र एक सरकारी विभाग में क्लर्की करते रहे। यह सारी स्थितियां हमारी व्यवस्था की काहिली को ही दिखाती हैं। 1959 से अब तक कोई बहुत साल गुजरे नहीं हैं कि हम बालवीरों का कोई डाटा ना बना सके या उन तक ना पहुंच सके। पर लगता यह है कि बालवीरों को 26 जनवरी को सम्मानित करने के बाद हमारे पास उनके लिए कोई योजना नहीं होती। हरीश मेहरा के बाद राजधानी के दीन दयाल उपाध्याय मार्ग(राउज एवेन्यू) पर स्थित सर्वोदय स्कूल के सातवीं कक्षा के छात्र फकीरचंद गुप्ता को भी बालवीर पुरस्कार मिला। उनकी सूझबूझ के चलते एक बड़ा रेल हादसा टल गया। वह फरवरी महीने की 28 तारीख थी और साल था 1959। सुबह स्कूल आते समय फकीरचंद गुप्ता ने रेलवे लाइन के साथ हरकत करते कुछ लोगो को देखा, वे पटरी काट रहे थे। अरे कुछ देर बाद तो इस पटरी पर ट्रेन आने वाली है बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस स्कूल से सटी है रेल लाइन।फकीरचंद को आशंका हुई तो उन्होंने दौड़कर यह जानकारी अपने स्कूल के पास खड़े पुलिस कर्मियों को दी। पुलिस ने आकर उन बदमाशों को पकड़ लिया। जाहिर है, फकीरचंद गुप्ता की वजह से बहुत बड़ी दुर्घटना टल गई। उन्हें भी राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। वे गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा भी बने। पर, उनके बारे में किसी को कोई खबर नहीं है। मेहरा और फकीरचंद के मामले तो पुराने हो गए, संबंधित विभागों के पास कुछ दशक पहले जिन्हें बालवीर पुरस्कार मिले हैं, उनके संबंध में भी कोई जानकारी नहीं है। बेशक, यह अफसोसजनक स्थिति बदलनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)।

गरीबी के चक्रव्यूह को भेदती कल्याणकारी योजनाएं

-अरविंद जयतिलक

नीति आयोग के डिस्कशन पेपर ह्यमल्टीडाइमेंशनल पॉवर्टी इन इंडिया सिंस का यह उद्घाटन राहतकारी है कि उत्तर प्रदेश में पिछले नौ साल के दौरान 5.94 करोड़. लोग मल्टीडाइमेंशनल अर्थात स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जीवन स्तर के मामले में गरीबी से बाहर आए हैं। इसी तरह बिहार में 3.77 करोड़ और मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। देश की बात करें तो 2013-14 से 2022-23 के बीच 24.82 करोड़ लोग मल्टीडाइमेंशनल गरीबी से बाहर निकले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौ साल में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का गरीबी से बाहर आना इसलिए संभव हो सका है कि सरकार ने कल्याणाकारी योजनाओं के लीकेज को बंद करने में सफलता हासिल की है। अर्थात कल्याणाकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक सीधे पहुंचा है। दरअसल सरकार का लक्ष्य बहुआयामी गरीबी को एक प्रतिशत से नीचे लाकर लोगों के जीवन स्तर को उपर उठाना है। इसी निमित्त केंद्र सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इससे न सिर्फ गरीबी से निपटने में मदद मिल रही है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो रही है। केंद्र सरकार भूख की गरीबी को खत्म करने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना संचालित कर रही है जिसके जरिए देश के तकरीबन 80 करोड़ लोगों को पांच किलोग्राम खाद्यान्न दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की उज्जवला योजना के अंतर्गत तकरीबन 9.59 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचा है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास दिया जा चुका है। तीन करोड़ से अधिक लोग आयुष्मान कार्ड हासिल कर चुके हैं जिसके जरिए उन्हें उच्चकोटि के अस्पतालों में निःशुल्क इलाज मिल रहा है। जनधन खाताधारकों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंच चुकी है जिसमें 56 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी

है। इन खातों में दो लाख करोड़ से अधिक की धनराशि जमा है और 34 करोड़ रुपे कार्ड जारी किया गया है। देश में सर्वाधिक गरीब किसान और मजदूर हैं। कृषि से जुड़े लगभग 70 प्रतिशत से अधिक परिवारों का खर्च उनकी आय से अधिक है। लगभग एक चैथाई किसान गरीबी रेखा के नीचे हैं। अच्छी बात है कि केंद्र सरकार किसानों की आर्थिक हालात सुधारने के लिए संकल्पित है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले इसके लिए सरकार ने देश का भाग्य संरचनात्मक रुप से कृषि से जोड़ दिया है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉमूर्ला को अपनाया है तथा साथ ही कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया है। मजदूरी, बैलों अथवा मशीनों पर आने वाला खर्च, पट्टे पर ली गयी जमीन का किराया, बीज, खाद, तथा सिचाई खर्च भी इसमें जोड़ दिया है। इससे किसानों को उनकी उपज का सार्थक मूल्य मिलना शुरू हो गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट की मानें तो देश में गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाएं अगर इसी तरह चलती रहीं तो आने वाले वर्षों में गरीबी मुक्त भारत का सपना पूरा हो सकेगा। लेकिन गरीबी से निपटने की राह में रोड़े भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ा रोड़ा तेजी से बढ़ रही जनसंख्या है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट के मुताबिक जब दुनिया भर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी है वहीं भारत में साल भर में आबादी 1.56 प्रतिशत बढ़ी है। विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन हो गयी है। विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रहा है और कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही है। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण गरीबी, बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या निर्धनता में वृद्धि है। यूनाइटेड नेशन के फुड एग्रीकल्चर आगेर्नाइजेशन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि भारत में पिछले एक दशक में गरीबी की वजह से भूखमरी की समस्या से जुझने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है। इफको की रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि गरीबी की वजह से देश में कुपोषण बढ़ रहा है। कुपोषण के कारण लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। गौर करें तो कुपोषण का घरेलू खाद्य असुरक्षा अथवा गरीबी से सीधा रिश्ता है। लोगों की गरीबी दूर कर-के ही उनका कुपोषण मिटाया जा सकता है। गरीबी के कारण भारत में कुपोषण का सर्वाधिक संकट महिलाओं को झेलना पड़ता है। हर वर्ष लाखों गर्भवती महिलाएं उचित पोषण के अभाव में दम तोड़ देती हैं। दक्षिण एशिया में भारत गरीबी से उपजे कुपोषण के मामले में सबसे बुरी स्थिति में है। गत वर्ष पहले एसीएफ की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में कुपोषण जितनी बडी समस्या है वैसे पूरे दक्षिण एशिया में और कहीं देखने को नहीं मिलता। इन आंकड़ों से साफ है कि आर्थिक नियोजन के सात दशक बाद भी देश निर्धनता के दुष्कचक्र में फंसा हुआ है। ऐसा नहीं है कि सरकार द्वारा गरीबी से निपटने का प्रयास नहीं हो रहा है। लेकिन जिस गति से आबादी बढ़ रही है उस लिहास से सरकार की गरीबी मिटाने की योजनाएं ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है। भारत में जीवन की बेहद बुनियादी आठ जरुरतों यानी सामाजिक कल्याण की परियोजनाओं मसलन खाद्य, उर्जा, आवास, पेयजल, स्वच्छता,स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार का प्रदर्शन बेहतर है। रिपोर्ट के मुताबिक गरीबी के अन्य संकेतकों के मोर्चे पर भी उल्लेखनीय सफलता मिली है। मसलन जो लोग गरीब हैं और भोजन पकाने के ईंधन से वंचित हैं उनकी संख्या भी 52.9 प्रतिशत से घटकर 13.9 प्रतिशत रह गई है। इसी तरह स्वच्छता से वंचित लोग 2005-06 के दौरान 50.4 प्रतिशत थे जो अब 2019-21 में घटकर 11.3 प्रतिशत रह गए हैं। पीने का साफ पानी यानि पेयजल के मानक के मोर्चे पर पर गौर करें तो इस अवधि में ऐसे लोगों की संख्या 16.4 प्रतिशत से घटकर 2.7 प्रतिशत रह गई है जो एक बड़ी उपलब्धि है। बिजली से वंचित लोगों की संख्या इस दौरान 29 प्रतिशत से घटकर 2.1 प्रतिशत पर आ गई है। आवास से वंचित लोगों का आंकड़ा भी 44.9 प्रतिशत से घटकर 13.6 प्रतिशत रह गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जमीन पर आकार ले रही हैं। लेकिन गौर करें तो गति बेहद धीमी है।

स्कूली शिक्षा की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा

-ललित गर्ग-

नया भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करने का मुख्य आधार शिक्षा है, लेकिन भारत की ग्रामीण शिक्षा को लेकर आयी एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ग्रामीण) 2023 चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। इस सर्वे में ग्रामीण भारत में छात्रों की स्कूली शिक्षा और सीखने की स्थिति की तस्वीर बयां की गई है, ग्रामीण शिक्षा की इन निराशाजनक स्थितियों पर गौर करना जरूरी है। यह सर्वे 26 राज्यों के 28 जिलों में किया गया और 34,745 युवाओं तक इस सर्वे की पहुंच रही। ग्रामीण छात्रों ने जो तथ्य एवं सच्चाई व्यक्त की है, उसके अनुसार 14 से 18 आयु वर्ग के बच्चे अपनी क्षेत्रीय भाषा में दूसरी कक्षा के स्तर तक का पाठ नहीं पढ़ पाते। इस उम्र के तीसरी-चौथी क्लास के गणित के सामान्य से प्रश्नों को हल न कर सकें तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जा सकती। ग्रामीण युवाओं की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछडे.क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है।

चिंता की बात यह भी है कि नई शिक्षा नीति में खास तौर से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार के प्रावधान की बातें बहुत हो रही है, लुभावनी योजनाएं बन रही हैं, लेकिन उनके परिणाम जमीन पर उतरते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। यह हमारी नीतियों की पौल खोल रहा है या नीति-निमार्ता की सोच में धुंधलापन है? जिंदगी का गुणा-भाग सिखाने वाली शिक्षा में जब बच्चों को गणित की सामान्य जोड़-बाकी भी नहीं आ पा रही हो तो इसे क्या कहेंगे? यही ना कि स्कूली शिक्षा के प्रसार की बातें भले ही जोर-शोर से की जा रहीं हों लेकिन इनमें सुविधाएं अपर्याप्त हैं या नई शिक्षा नीति को बनाने में कोई कमी है। यह भी हो सकता है कि साधनों के अभाव एवं दक्ष-प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी के कारण हम नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर पा रहे हैं। बेहतर शिक्षा देने का हमारा लक्ष्य कहीं-ना-कहीं भटका हुआ है।

इस सर्वे रिपोर्ट में गांवों की सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाएं दोनों के बच्चों को शामिल किया गया है। यही नहीं इस सर्वे में जिन विद्यार्थियों को शामिल किया गया, उनमें 90 फीसदी से ज्यादा ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया है। स्मार्ट फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए ज्यादा और पढ़ाई के लिए कम होने लगा है। साफ है शिक्षा के प्रसार के लिए मोबाइल व कम्प्यूटर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल सकारात्मक रूप से नहीं हो पा रहा है। अधिकांश बालक-बालिकाएं कम्प्यूटर या मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी नजर आते हैं। हालात बदलने के लिए न केवल प्रशिक्षित शिक्षकों की स्कूलों में भर्ती जरूरी है, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में भी शिक्षा की पहुंच को आसान किया जाना भी अपेक्षित है। देश-दुनिया ने कोरोना महामारी की जबर्दस्त चुनौती झेली है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई तो कोरोना काल में लगभग ठप ही हो गई थी। ऐसे दौर में जब पहले ही बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए कठिन प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतियों सामना करना पड़ रहा है, उनकी नींव को कमजोर रखना चिंताजनक है। जिम्मेदारी सरकारों की ज्यादा है, जिन्हें इस दिशा में अभी काफी काम करना है। शिक्षण संस्थाओं के प्रसार की दिशा में भले ही हम प्रगति कर रहे हों, लेकिन यह साफ है कि शिक्षा डिजिटल तकनीक माध्यम से देने में हम असफल रहे हैं। सर्वे में एक और खास बात निकलकर सामने आई है कि वोकेशनल ट्रेनिंग में अभी ग्रामीण युवा पीछे हैं। सर्वे में शामिल युवाओं में केवल 5.6 प्रतिशत ही वोकेशनल ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसी रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि करीब एक तिहाई बच्चे 12वीं से आगे नहीं पढ़ते। लड़कों के मामले में ड्रॉप आउट की सबसे बड़ी वजह रुचि की कमी पाई गई तो लड़कियों के मामले में पारिवारिक मजबूरी।

डीएम ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं डूडा विभाग के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने राज्य वित्त, 15वां वित, पंचम वित्त आयोग, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, अमृत सरोवर, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, वॉल पेंटिंग, एस डब्ल्यू एम, अपशिष्ट प्रबंधन, हाउस टैक्स, पॉलिथीन, अंत्येष्टि स्थल, दीनदयाल योजना, प्रकाश व्यवस्था, नगर सृजन योजना, सडक और नाली निर्माण, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन आदि कार्यों की समीक्षा की।

सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं उसे शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय अपने आय के स्त्रोतों को बढावा दे। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कान्हा गौशाला व अस्थाई गौशालाओं का संचालन सही तरीके से किया जाए। ठंड को देखते हुए तिरपाल, बोरा, अलाव आदि की व्यवस्था रहे। साथ ही प्रतिदिन गोवंशों के खान-पान की व्यवस्था का निरीक्षण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जो मॉडल शाप की दुकानों का निर्माण हो रहा है, उनको तत्काल पूर्ण कराया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि जो शौचालयों की स्थिति के बारे में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन द्वारा रिपोर्ट दी गई है, उसको तत्काल ठीक करा कर संचालन किया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि एमआरएफ सेंटर मानिकपुर, राजापुर, मऊ में तत्काल विद्युत संयोजन कराएं। उन्होंने कहा कि डूडा विभाग विभाग के जो कार्यों की धनराशि शासन से स्वीकृति हुई है, उसमें टेंडर प्रक्रिया कराकर कार्य शुरू कराया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों का सत्यापन कराया जाना है, उसको भी तत्काल कराकर सूची डूडा को उपलब्ध कराए।

उन्होंने परियोजना अधिकारी डूडा से कहा कि जिन आवासों के लाभार्थियों को द्वितीय व तृतीय किस्त देना है, उन लाभार्थियों का जिओ टैग कराकर धनराशि दी जाए। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना में प्रगति कराई जाए। इस मौके पर अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान डी के सतसंगी, अधिशासी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव, राजापुर बी एन कुशवाहा, मानिकपुर भारत सिंह, मऊ बीके त्रिपाठी, जिला समन्वय डूडा संतोष कुमार, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार आदि मौजूद रहे।

डीएम ने की प्रधानाचार्यों के साथ बैठक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्री बोर्ड परीक्षा फल के सम्बन्ध में प्रधानाचार्यों के साथ बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि उन बच्चों को चिन्हित करें जो 95 प्रतिशत प्री बोर्ड परीक्षामें लाएं। उन्होंने कहा कि सभी प्रिंसिपल से बात कर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभी एक महीने का टाइम है। इसमें प्रिंसिपल और अध्यापक दोनों को मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षकों निर्देशित किया कि स्कूल वाईज विद्यार्थियों का रिजल्ट परीक्षा बाद प्रिंसिपलों को दें। उन्होंने सभी प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि जो लडकियां कमजोर है, उन पर टारगेट कर फोकस करें। परीक्षा फल की प्रगति ठीक नहीं पाए जाने पर उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि राजापुर की प्रधानाचार्य की एक दिन का वेतन काटे। उन्होंने ऊंचाडीह, धुरेटनपुर व मडौर में शिक्षकों की कमी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जहां पर बच्चे कम है, टीचर अधिक, वहां पर एक हफ्ते में एक दिन के लिए अध्यापक भेजें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रधानाचार्य से अपील है कि इसमें मेहनत करे, रिजल्ट जब आएगा उसमें प्रगति दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परिस्थिति जो भी हो परिस्थिति के साथ आप लोग आगे पढे, बच्चों पर ध्यान दें, बच्चों का रिजल्ट शत-प्रतिशत लाएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला विद्यालय निरीक्षक एस के मिश्रा आदि मौजूद रहे।

हमें हमारी मां का नाम ही वापस कर दें: गोपाल भाई

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पूरे विश्व में आज भगवान श्री राम के उत्सव का उत्साहपूर्ण वातावरण है। अपने स्तर पर सभी अपनी प्रसन्नता प्रकट करने के नए-नए यत्न कर रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल भाई ने बताया कि प्रधानमंत्री वनवासियों को भी बहुत अधिक महत्व दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की भावना का सम्मान चित्रकूट को भी करना चाहिए। अयोध्या के बाद या सर्वाधिक पूज्य यदि कोई स्थान विश्व में है तो वह चित्रकूट है। चित्रकूट में ही श्री राम 11 वर्ष 5 माह विताकर अपनी शक्ति सामर्थ्य का संचय कर विश्व की प्रेरणा के आधार बने हैं। चित्रकूट में भगवान राम के प्रियजन शबरी वंशज अपेक्षित कोल-मवैया रहते हैं। इनके पूर्वजों ने ही वनवास काल में राम, लक्ष्मण, सीता की सेवा का सुअवसर पाया है। इनकी पूर्वज मां शबरी के नाम से यहां शबरी जलप्रपात था। दो दशक बाद अचानक यहां के लाखों आदिवासियों के श्रद्धा केन्द्र शबरी जलप्रपात का नाम स्मरणीय बाबा तुलसी के नाम पर कर दिया गया है। यहां का आदिवासी निराश, हताश तथा क्षुब्ध है। वह अपनी मां शबरी का नाम वापस मांगता है।

22 को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि परिसर में बने मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के दृष्टिगत 22 जनवरी सोमवार को उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

24 को भव्यतापूर्ण मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश दिवस 2024 के आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। जिसमें निवेश एवं रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां, रोड शो, उद्यमी सम्मेलन आदि कार्यक्रम को प्रमुखता से कराया जाएगा। साथ ही कृषि, ओडीओपी, डूडा, एनआरएलएम, सूचना विभाग, उद्यान, पशुपालन, ग्राम विकास स्वच्छ भारत मिशन, पर्यटन, बेसिक शिक्षा, नेडा, खादी, विद्युत आदि विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही लाभार्थियों को टूलकिट वितरण किया जाएगा। चित्रकला भाषण रंगोली की रामोत्सव आधारित प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। वह क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करके यूपी दिवस को भव्यता पूर्ण मनाया जाए।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सभी विभागों में अच्छा कार्य किया है, उनको सम्मानित भी कराया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि चित्रकला, भाषण, रंगोली की प्रतियोगिता आयोजित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश पर बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद में 13 व 14 फरवरी को कराया जाएगा। जिसमें मुख्य आकर्षण आध्यात्मिक थीम में रोजाना सुबह योगा सेशन सत्र गणेश बाग में हेरिटेज वॉक, धार्मिक वर्क और ट्रैकिंग है। प्रतियोगिताओं में मुख्य प्रतियोगिताएं रूल्स, ब्लॉगर्स, पेंटिंग, धार्मिक स्थलों, सांस्कृतिक स्थलों की रहेगी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान पाने वालों को हाट एयर बैलून में फ्री राइड मिलेगी। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में 13 व 14 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल जी यादव, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र एस के केशरवानी आदि मौजूद रहे।

पम्पापुर, कोटितीर्थ और देवांगना में जय बजरंगी जय श्री राम के लगे जयकारे

22 जनवरी से 22 स्थानों पर दीपोत्सव पूजन और संकीर्तन का जारी है दौर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अयोध्या में रामलला की स्थापना को लेकर धर्मनगरी के 22 मंदिरों में दीपोत्सव के तहत पम्पापुर, कोटितीर्थ और देवांगना में दीपों की जगमगाहट की गई और रामनाम संकीर्तन किया गया। तीनों स्थानों पर रामभक्त बजरंगबली की स्तुति की गई और जय बजरंगी जय श्री राम के जयकारे लगाए गए।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह और मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास महराज ने बताया कि तीर्थक्षेत्र के 22 मंदिरों में 22 जनवरी तक दीपोत्सव, पूजन और संकीर्तन का कार्यक्रम जारी है। पम्पापुर में तपसाली महराज ने दीपोत्सव में सहभागिता की और कार्यक्रम को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में दुर्लभ संयोग आने वाला है। 22 जनवरी को घर और मठ मंदिरों में दीपावली मनाना चाहिए। रामायण, संकीर्तन और पूजा पाठ का क्रम उसदिन चलना चाहिए। जब 550 वर्षो बाद प्रभु श्री राम अपने मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। पम्पापुर के साथ ही देवांगना और कोटितीर्थ में दीपोत्सव का कार्यक्रम हुआ और भजन, पूजन संकीर्तन के दौर चले। इस मौके पर आचार्य प्रदीप द्विवेदी, पुष्पराज त्रिपाठी, जगरूप पाठक, पुष्पराज विश्वकर्मा, कर्वी माफी प्रधान बद्री सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

मंन्दिर में पूजा अर्चना करते लोग।

24 को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा मतदाता दिवस

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम थीम पर जनपद व तहसील स्तर पर 25 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश होने की दृष्टिगत सुविधा अनुसार शपथ ग्रहण कार्यक्रम 24 जनवरी को मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक बूथ पर विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी।

साथ ही नए मतदाताओं को पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने आए मतदाताओं द्वारा शपथ ली जाएगी। इसके लिए बीएलओ द्वारा बूथ पर, निर्वाचक सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बीआरसी पर तथा जिला मुख्यालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर तथा अन्य वर्गों के मतदाताओं को आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाए। उन्होंने बताया कि मतदाता दिवस के आयोजन तहसील, कॉलिजों, महाविद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें छात्र-छात्राओं को मतदाता की शपथ दिलाए जाने साथ स्कूल, कॉलिजों में प्रभात फेरी, स्लोगन, राइटिंग, निबंध लेखन, गीत, स्क्रिप्ट्स तथा आनलाइन प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में नए मतदाता को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अधिक मतदाता जागरुकता के लिए प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। इसके अलावा ईवीएम, वीवीपैट तथा पंजीकरण समावेशन आदि से सम्बन्धित समारोह भी आयोजित किये जायेगें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिविल सोसाइटी नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वीप कोआर्डिनेटर, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड के वॉलेंटियर्स एवं मीडिया का भी सहयोग लिया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सर्वोत्तम काम करने वाले बीएलओ को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदाता दिवस की थीम को पोस्टर, बैनर आदि के माध्यम से प्रदर्शित किया जाये। मतदाता दिवस के अवसर पर महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक सुनिश्चित की जाय।

गुणवत्तापूर्ण कराएं आवासों का निर्माण:डीएम

निर्माणधीन इमारत का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शुक्रवार को कलेक्टरेट आवास सोनपुर में निमार्णाधीन टाइप फोर के आवासों के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था आवास विकास के सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता से कहा कि आवासों के निर्माण कार्यों को तेजी से कराया जाए, जो शासन से समय सीमा निर्धारित की गई है, उसी के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए। इस मौके पर सहायक अभियंता आवास विकास सलिल कुमार मिश्रा, अवर अभियंता अनूप कुमार विमल आदि मौजूद रहे।

22 को प्रतिबंधित रहेगा मांस विक्रय

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनन्द ने समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में बने मंदिर में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसके दृष्टिगत शासन द्वारा प्रदेश में मांस, मछली के विक्रय को पूर्णतया प्रतिबंधित किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सभी को निर्देशित किया जाता है कि शासन के इस आदेश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करते हुए कडाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

48 घण्टे के अन्दर गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा, अपहृतों की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में मऊ थाने की पुलिस ने गुमशुदा बालक को बरामद कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया।

उल्लेखनीय है कि बीते गुरूवार को वादी नईम पुत्र बुद्धा बख्स ने थाना मऊ में सूचना दी कि उनका बालक घर से नाराज होकर चला गया है और घर वापस नही आया है। इस सूचना पर थाना मऊ प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने गुमशुदा बालक की बरामदगी के लिए उप निरीक्षक इनद्रजीत गौतम को लगाया गया। उप निरीक्षक इनद्रजीत गौतम ने गुमशुदा बालक मोहम्मद हसीम पुत्र मोहम्मद नईम निवासी जमुना रोड को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

अंडर-14 मुकाबले में पुरवा तरौहां और नई दुनिया की टीमें पहुंची फाइनल में

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में शुक्रवार को मां कालिका देवी क्रिकेट टूनामेंट का अंडर-14 टीमों का मुकाबला भीमराव स्पोर्टिंग क्लब नई दुनिया और चंद्रशेखर आजाद स्पोर्टिंग क्लब खजुरिहा टीम के बीच हुआ। मैच शुभारम्भ प्रभाकर क्षेत्र सूर्यकुंड आश्रम के महंत रामबदन दास महाराज ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भीमराव स्पोर्टिंग क्लब नई दुनिया टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 129 रन बनाये। नई दुनिया के भोला ने 38 रन और आलोक ने शानदार 40 रन बनाये। चंद्रशेखर आजाद स्पोर्टिंग क्लब के रामबरन ने 3 व जीतू ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंद्रशेखर आजाद स्पोर्टिंग क्लब खजुरिहा की टीम 97 रन बनाकर आल आउट हुई और मुकाबला 32 रन से हार गई। भीमराव अंबेडकर स्पोर्टिंग क्लब नई दुनिया के 38 रन और 4 विकेट लेने वाले खिलाड़ी भोला को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच में अंपायर रोहित यादव और महेश यादव, कॉमेंटेटर इब्रान खान, पुनीत, स्कोरर रामकुमार और मनीष कुमार रहे। इस मौके पर रोहित शुक्ला, सतेंद्र कुमार, अस्मित, शीलू, आदित्य कुमार, कृष्ण कुमार, ओमशंकर, शिवम निषाद, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित त्रिपाठी, हिमांशु, अंकुर आदि मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी पवन मिश्रा ने बताया कि अंडर 14 टूनामेंट का मैच भीमराव अंबेडकर स्पोर्टिंग क्लब नई दुनिया, भगत सिंह स्पोर्टिंग क्लब पुरवा तरौहां के बीच खेला जाएगा।

टुनार्मेन्ट के उदघाटन पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते महंत रामबदनदास महाराज।

डीएम ने किया भूमि पूजन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने शुक्रवार को कलेक्टरेट के पास सूचना संकुल भवन (जिला सूचना कार्यालय) चित्रकूट का विधि विधान से भूमि पूजन किया। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार, सूचना विभाग के लेखाकार मोहन कुमार श्रीवास्तव, कार्यदाई संस्था आवास विकास के सहायक अभियंता सलिल कुमार मिश्रा, अवर अभियंता अनूप कुमार विमल आदि मौजूद रहे।

उत्तर कोरिया ने पानी के भीतर परमाणु हथियार प्रणाली का किया परीक्षण

सोल। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच नवीनतम संयुक्त समुद्री अभ्यास के जवाब में विकास के तहत पानी के नीचे परमाणु हथियार प्रणाली का परीक्षण किया है। योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, प्योंगयांग की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने पूर्वी सागर में 'हेइल-5-23' का एक महत्वपूर्ण परीक्षण किया है।

मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने केसीएनए द्वारा जारी एक बयान में कहा, "पानी के भीतर परमाणु-आधारित जवाबी कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। हमारी सेनाओं की समुद्री और पानी के नीचे की प्रतिक्रियात्मक कार्रवाइयां अमेरिका और उसके सहयोगियों की नौसेनाओं के शत्रुतापूर्ण सैन्य युद्धाभ्यास को रोकना जारी रखेंगी।" प्योंगयांग द्वारा हाइपरसोनिक मिसाइल के नवीनतम प्रक्षेपण के बाद, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान ने संयुक्त रूप से सोमवार और बुधवार के बीच अमेरिकी परमाणु-संचालित विमानवाहक पोत यूएसएस कार्ल विंसन को शामिल करते हुए नौसैनिक अभ्यास किया।

भारत-नेपाल सीमा के त्रिवेणी पहुंचे नेपाल के गंडकी प्रदेश के सीएम सुरेंद्र राज पांडे

पश्चिम चंपारण(बगहा)। भारत नेपाल सीमा स्थित गंडक बराज के 36 नंबर फाटक स्थित त्रिवेणी में शुक्रवार की देर शाम नेपाल गंडकी प्रदेश के मुख्यमंत्री सुरेंद्र राज पांडे पहुंचे।

मौके पर उन्होंने सीमा पर तैनात एपीएफ के जवानों सहित भंसार कार्यालय में कार्यरत कर्मियों से बातचीत की।पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारत-नेपाल के बीच व्यापार शुरू नहीं होने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री सुरेंद्र राज पांडे ने बताया कि बहुत जल्द ही भारत-नेपाल के बीच व्यापार शुरू होगा। इसके लिए दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय बैठक होने वाली है।जो काठमांडू में संपन्न होगी।

उन्होंने त्रिवेणी दौरे के बाबत बताया कि गजेंद्र मोक्ष धाम ट्रस्ट के द्वारा प्रांगण में निमार्णाधीन धर्मशाला का निरीक्षण करने के लिए न्योता दिया गया था। उसी के निरीक्षण के लिए अपने प्रदेश का दौरा करने आया हूं। उन्होंने भारत-नेपाल के रिश्तों के बारे में बातचीत करते हुए बताया कि दोनों देशों के बीच बेटी रोटी का संबंध है।और आगे भी यह कायम रहेगा। उन्होंने दोनों देशों की सुरक्षा कर्मियों के बीच आपसी तालमेल बनाए रखने एवं बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा को और पुख्ता करने का निर्देश भी दिया।

इजराइली सेना ने सिविलिया में हमास की हथियार फैक्टरियों के नेटवर्क को किया नष्ट

तेल अवीव। इजराइली सेना ने सिविलिया में हमास की हथियार फैक्टरियों के एक नेटवर्क को नष्ट किया है। दरअसल सलाह अल-दीन रोड के किनारे गाजा के हाईवे के पास जमीन के ऊपर और नीचे हथियार कारखाने हैं, जहां रॉकेट, हथियार और गोला-बारूद का उत्पादन किया जाता था। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बताया कि उक्त स्थान पर दर्जनों सुरंग शाफ्टों से जुड़े हुए थे, जिन्हें नष्ट किया गया है।

सेंट्रल गाजा के मगाजी रिफ्यूजी कैम्प में दर्जनों वर्कशॉप चल रहे थे, जहां हथियारों के निर्माण हो रहा था। इसमें बड़ी मात्रा में हथियार और उपकरणों को नष्ट किया गया। सैनिकों को नुसरत और बुरेजी शरणार्थी शिविरों के बीच मध्य गाजा में सैकड़ों बड़ी दूरी के रॉकेटों के साथ रासायनिक पदार्थों के उत्पादन के लिए मशीनें और कंटेनर भी मिले। इजराइल रक्षा बल ने कहा कि एक लड़ाकू टीम ने नागरिक भवनों और सरकारी संस्थानों में और उनके निकट स्थित हमास की ब्यूरिज बटालियन के बुनियादी ढांचे के खिलाफ 'ऑपरेशनल गतिविधि' की जिसमें पैसे, नक्शे, हथियार और प्रचार सामग्री जब्त की गई।

भारत-बांग्लादेश के बीच समुद्र तटीय पर्यटन की अपार संभावनाएं, और मजबूत होंगे रिश्ते: खालिद चौधरी

कोलकाता/ढाका)। बांग्लादेश के जलपथ परिवहन और जहाजरानी राज्य मंत्री खालिद महमूद चौधरी ने कहा है कि जिस तरह भारत और बांग्लादेश के बीच मजबूत रिश्ते हैं, ऐसे में दोनों देशों के बीच समुद्र तटीय पर्यटन की संभावनाएं सबसे अधिक हैं।

उन्होंने कहा, "पर्यटन के क्षेत्र में द्विपक्षीय भागीदारी लोगों के आपसी संबंधों में बड़ी भूमिका निभाएगी। इसे हमने भारत की गंगा लग्जरी क्रूज सर्विस के जरिए पहले भी देखा है। बांग्लादेश में करीब एक हजार किलोमीटर का समुद्री सफर तय कर भारत बांग्लादेश के बीच चलने वाली क्रूज सेवा "गंगा बिलास" असम के डिब्रूगढ़ पहुंची है। इसलिए दोनों देशों के जलमार्गों के जरिए पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका, मालदीव, थाईलैंड, म्यांमार बांग्लादेश में भी बड़ा समुद्र तट है जहां पर्यटक दिलचस्प होगा। उल्लेखनीय है कि पर्यटन को लेकर भारत और मालदीव के बीच काफी विवाद रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद मालदीव के मंत्रियों की ओर से पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर पूरे देश में मालदीव के बहिष्कार और लक्षद्वीप पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग चल रही है।

7 जनवरी को संपन्न हुए बांग्लादेश आम चुनाव में एकबार फिर प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार बनने के बाद खालिद महमूद चौधरी को दूसरी बार जहाजरानी मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि पद्मा ब्रिज बन जाने की वजह से बांग्लादेश के अंदरूनी इलाकों में भारत के साथ सड़क संपर्क भी बढ़ गया है।

"भारत के साथ खून के रिश्ते, पर्यटन से और गहरे होंगे"

चौधरी कहते हैं, "भारत के साथ हमारे रिश्ते खून के हैं। हमारी भाषा, संस्कृति, सीमा सबकुछ मिलती है। आज से चार साल पहले प्रयोगात्मक आधार पर ढाका से कोलकाता तक एक क्रूज सेवा शुरू की गई थी। इसे लोगों के बीच काफी लोकप्रियता मिली। चूंकि हमारे पास क्रूज जहाज नहीं है, इसलिए इस प्रकार की सेवा चलाना संभव नहीं है। लेकिन हम क्रूजशिप की व्यवस्था कर रहे हैं। शायद इसी साल यह मिल जाये। फिर बांग्लादेश और भारत के बीच नियमित क्रूज की आवाजाही संभव हो सकेगी। भारत समेत दुनिया के अमीर देशों के लोग सुंदरवन समेत बांग्लादेश के तटीय क्षेत्रों में पर्यटन की रुचि रखते हैं।

भारत की ओर से चलाई गई लग्जरी क्रूज सेवा के दौरान यह बड़े पैमाने पर देखने को भी मिला है। गंगा विलास ने अपनी यात्रा भारत में बनारस से शुरू की और बांग्लादेश होते हुए लगभग 1000 किलोमीटर का रास्ता पार करने के बाद असम के डिब्रूगढ़ में समाप्त हुई। फिर वापसी में क्रूज जहाज बांग्लादेश के रास्ते कोलकाता लौटा है। इसलिए दोनों देशों के जलमार्गों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जुड़ेंगे दोनों देशों के बंदरगाह

चौधरी ने कहा है कि दोनों देशों के बीच समुद्र तटीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बंदरगाहों को जोड़ा जाएगा। भारत के साथ बांग्लादेश की सचिव स्तर की पिछली बैठक में समुद्री पर्यटन के मुद्दे पर भी चर्चा हुई थी। आने वाले समय में बांग्लादेश के लोगों की आर्थिक क्षमता बढ़ेगी।

बांग्लादेश और भारत दोनों देशों के लोग दोनों देशों में बेरोकटोक यात्रा करना चाहते हैं। उस स्थिति में, समुद्री पर्यटन एक आशाजनक भूमिका निभाएगा।"

पर्यटन से होगा वित्तीय लाभ

अर्थव्यवस्था में पर्यटन किस प्रकार की भूमिका निभा सकता है? खालिद महमूद ने कहा कि सेंट मार्टिन और सुंदरबन में स्थानीय स्तर पर नाव पर्यटक अधिक हैं। यहां निजी ऑपरेटर सेवाएं देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। क्योंकि जैसे-जैसे लोगों की आर्थिक समृद्धि बढ़ती जा रही है, लोगों की पर्यटन में दिलचस्पी बढ़ रही है। भविष्य में यह दिलचस्पी और बढ़ेगी। इसलिए, समुद्री पर्यटन के साथ व्यापार की अपार संभावनाएं हैं।

पर्यटन के लिए बढ़ाए जाएंगे और अधिक समुद्री रूट

जहाजरानी मंत्री ने कहा कि पहले बांग्लादेश के पास दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में ढाका-बारिसल, ढाका-पटुआखली, अरिचा-नगरबारी, शिमुलिया-कौराकांडी सहित कई समुद्री पर्यटन मार्ग थे। अब नए रूट लॉन्च किए जा रहे हैं। न केवल भारत बल्कि बांग्लादेश भी पर्यटन की दृष्टि से इस क्षेत्र के लोगों के बीच आपसी संबंध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

खालिद महमूद चौधरी का मानना है कि पद्मा ब्रिज के कारण जल मार्ग से पर्यटन क्षेत्र को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि पहले जलमार्गों से जो लोग इस रूट से गुजरते थे वे अब सड़क मार्ग से गुजर रहे हैं।

तुर्किये, स्वीडन और इटली ने भी अंतरिक्ष की ओर बढ़ाए कदम

केप कैनावेरल (अमेरिका)। तुर्किये, स्वीडन और इटली के अंतरिक्ष यात्रियों ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। इन यात्रियों के पास सैन्य पायलट होने का अनुभव है। सभी अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। संभावना है कि उनका कैप्सूल शनिवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच जाएगा।

नासा की विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इस यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति का अनुमानित खर्च तीनों देशों में से प्रत्येक का लगभग 55 मिलियन डॉलर या अधिक है।

ह्यूस्टन कंपनी एक्सिओम स्पेस, नासा और स्पेसएक्स ने इस यात्रा का आयोजन किया है। रूस दो दशकों से अधिक समय से अंतरिक्ष स्टेशन पर सशुल्क आगंतुकों का स्वागत करता रहा है। नासा ने दो साल पहले तक ऐसा नहीं किया था।

टर्किश एयरलाइंस के पूर्व फाइटर पायलट और कैप्टन तुर्किये के अल्पर गेजेरावसी अपने देश से अंतरिक्ष में रॉकेट भेजने वाले पहले व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि तुर्किये ने हाल ही में अपनी 100वीं वर्षगांठ मनाई है। और, अब तक आकाश के बारे में देश का दृष्टिकोण "जो हम अपनी नंगी आंखों से देख सकते हैं" तक ही सीमित है। स्वीडन के मार्कस वांड्ट पूर्व लड़ाकू पायलट और स्वीडिश एयरप्लेन कॉर्प के परीक्षण पायलट हैं। एक्सिओम अंतरिक्ष यात्रियों ने शाम 4:49 बजे उड़ान भरी। इन यात्रियों में एक्सिओम मिशन 3 (एक्स-3) के चालक दल के सदस्यों कमांडर माइकल लोपेज-एलेग्रिया, पायलट वाल्टर विलादेई और मिशन विशेषज्ञ मार्कस वांड्ट और अल्पर गेजेरावसी शामिल हैं। चालक दल अंतरिक्ष स्टेशन पर माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान, शैक्षिक आउटरीच और वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन करने में लगभग दो सप्ताह बिताएंगे।

नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने सफल प्रक्षेपण पर एक्सिओम और स्पेसएक्स को बधाई है। उन्होंने कहा कि यह यात्री 30 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यान शनिवार सुबह 4:19 बजे स्टेशन के हार्मनी मॉड्यूल के आगे के बंदरगाह पर स्वायत्त रूप से डॉक करेगा। उम्मीद की जाती है कि एक्स-3 अंतरिक्ष यात्री 3 फरवरी को मौसम की परवाह किए बिना पृथ्वी पर लौटने के लिए (फ्लोरिडा के तट पर लैंडिंग स्थल पर उतरने के लिए) अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करेंगे।

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन

इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पाकिस्तानी कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने फरवरी की शुरूआत में होने वाले देश के आगामी आम चुनावों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।

गुरुवार को कार्यालय से एक अधिसूचना के अनुसार, सात सदस्यीय समिति, जिसमें संघीय मंत्री और वरिष्ठ प्रांतीय अधिकारी शामिल हैं, आम चुनावों के सुचारू और व्यवस्थित संचालन के संबंध में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के निदेर्शों को लागू करेगी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अधिसूचना में कहा गया है कि समिति चुनाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेगी और प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित मामलों का समाधान करेगी।

उच्च-स्तरीय समिति कानून और व्यवस्था की स्थिति के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की तत्काल आवश्यकताओं के लिए भी निर्देश जारी करेगी।

ईसीपी के अनुसार, 8 फरवरी दक्षिण एशियाई देश में आम चुनाव की आधिकारिक तारीख है।

चीन के धनी लोग भी नहीं उठा पा रहे शादी का खर्च

चीन में शादी करना इतना महंगा हो गया है कि अब धनी लोग भी इसका खर्च नहीं उठा पा रहे हैं. चीन के नीति-निमार्ताओं के लिए यह परेशानी का सबब है क्योंकि देश की आबादी लगातार घट रही है। विक्टर ली जल्द से जल्द शादी करना चाहते हैं. लेकिन देश के बहुत से युवाओं की तरह शंघाई में रहने वाले उद्यमी विक्टर के लिए भी आर्थिक हालात एक बड़ी बाधा बन गए हैं. एक स्थानीय मंहगी जैज बार में अमीर और अधिक शिक्षित युवाओं के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए 32 साल के विक्टर बताते हैं, "खासकर शंघाई जैसे बड़े शहर में शादी करना बहुत खचीर्ला हो गया है. यह मेरे जैसे युवाओं पर बड़ा आर्थिक बोझ डाल रहा है. दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के विकास की दर धीमी होती जा रही है. पिछले साल चीन की विकास दर 5.5 फीसदी रही, जो अनुमानों से काफी कम है. इसका असर लोगों की जिंदगियों पर नजर आने लगा है.

बड़ी संख्या में युवा शादी ना करने का फैसला कर रहे हैं क्योंकि नौकरियों के मौके कम हैं और बेरोजगारी दर बढ़ रही है. 2022 में शादियों के पंजीकरण की संख्या में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई.

परेशान हैं अधिकारी

शादी ना करने की यह प्रवृत्ति नीति-निमार्ताओं को परेशान कर रही है क्योंकि आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है और जन्म दर कम हो रही है. पारंपरिक चीनी समाज में बच्चे पैदा करने और शादी में सीधा संबंध है क्योंकि बिनब्याही मांओं को अक्सर बच्चे के जन्म के साथ मिलने वाले लाभ नहीं मिल पाते हैं.

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।